आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

नये जमाने के साथ ...

# यश भारत

● वर्ष- 15 अंक-218 ● कटनी ● ● शुक्रवार, 10 सितम्बर, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● भाद्रपद शुक्ल पक्ष -4 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935



गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिंन करें

WWW.yashbharat.co.in

## वरिष्ठ पत्रकार श्री आशीष शुक्ला शंकराचार्य पत्रकारिता पुरस्कार से सम्मानित



शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद जी से सम्मान प्राप्त करते यशभारत के संस्थापक आशीष शुक्ला साथ में उनकी धर्मपत्नी श्रीमती डॉ रश्मि शुक्ला, चैक प्रदान करते पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह।

# जो सम्मान मुझे मिला है उसकी गरिमा को बरकरार रखूंगा

**जबलपुर यशभारत।ज्योतिष और द्वारका पीठाधीश्वर श्री श्री अनंत विभूषित जगतगुरु स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाराज के 98 वे प्रक्टोत्सव पर उनकी तपोस्थली परमहंसी गंगा आश्रम श्रीधाम झोतेश्वर में वरिष्ठ पत्रकार और यशभारत के संस्थापक श्री आशीष शुक्ला को गरिमामय समारोह में इस वर्ष के शंकराचार्य पत्रकारिता पुरस्कार से सम्मानित किया गया।**

### जगतगुरु शंकराचार्य जी द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के हाथों प्रदान की गई 1 लाख नगद पुरस्कार राशि

पुरस्कार स्वरूप एक लाख रुपए नगद के साथ सम्मान पत्र और शाल ओढ़ाकर उन्हें समाज के लिए निरंतर सकारात्मक पत्रकारिता का आशीर्वाद शंकराचार्य जी ने प्रदान किया।इस मौके पर मंच पर पधारे विशिष्ट जनों के साथ कार्यक्रम में उपस्थित जनमेदनी ने तालियों के साथ स्वागत किया।कार्यक्रम में दंडी स्वामी सदानंद सरस्वती, दंडी स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद, शंकराचार्य के निज सचिव स्वामी सुबुद्धानंद स्वामी स्वामी चैतन्यानंद स्वामी ध्यानानंद के साथ केंद्रीय राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ,राज्य सभा सदस्य दिग्विजय सिंह, राज्यसभा सांसद विवेक कृष्ण तन्खा , पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एन पी प्रजापति ,रामेश्वर नीखरा, विष्णु शंकर पटेल सिवनी के विधायक दिनेश राय मुनमुन पूर्व विधायक पाटन भगवत गुरु आदि सैकड़ों हस्तियां विद्यमान थी।कार्यक्रम के पूर्व शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती का पादुका पूजन और वेद की ऋचाओं के मध्य उनका 98वां भव्य प्राक्ट्योत्सव मनाया गया। सम्मान प्राप्त करने के बाद श्री आशीष शुक्ला और उनकी अर्धांगिनी डा. रश्मि शुक्ला और यशस्वी पुत्री याशिका ने भी चरण वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।सनातन धर्म के नारों मध्य शंकराचार्य जी ने सभी को सनातन परंपरा और संस्कृति को आगे बढ़ाने के साथ समृद्ध करने हेतु प्रेरित करते हुए सभी को अपना आशीर्वाद प्रदान किया।

फोटो-बबलू रजक

### आज समंदर उतरेगा पहला न्यूक्लियर मिसाइल ट्रैकिंग जहाज ध्रुव

# नेस्तनाबूत होगा परमाणु मिसाइल हमला



**नई दिल्ली।** भारत की तरफ आने वाली न्यूक्लियर मिसाइलों को ट्रैक करके उन्हें दुश्मन की धरती पर ही खत्म करने वाला आईएनएस ध्रुव आज लांच होने जा रहा है। इसी के साथ भारतीय नौसेना के बेड़े में पहला न्यूक्लियर मिसाइल ट्रैकिंग जहाज भी शामिल हो जाएगा। इस जहाज को खास तौर पर चीन और पाकिस्तान की निगरानी के लिए तैनात किया जा रहा है क्योंकि दोनों ही देश न्यूक्लियर मिसाइल दागने की क्षमता रखते हैं। एक बार आईएनएस ध्रुव समंदर में उतर गया तो दुश्मन ऐसा करने की हिमाकत भी नहीं करेगा। जानकारी के मुताबिक राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल विशाखापत्तनम में इस जहाज को लांच करेंगे। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) और राष्ट्रीय तकनीकी अनुसंधान संगठन (एनटीआरओ) के सहयोग से हिंदुस्तान शिपयार्ड द्वारा इस जहाज को बनाया गया है।

# छिंदवाड़ा में ट्रक ने कार को पीछे से मारी टक्कर, 6 लोगों की मौत



**छिंदवाड़ा।** गुरुवार की रात तकरीबर 9 बजे शहर के बाहरी क्षेत्र बैतूल जाने वाले रिंग रोड के समीप गुरैया मार्ग पर दर्दनाक हादसा हुआ। इसमें 6 लोगों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार तेज रफ्तार ट्रक ने कार को पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में कार में पीछे की सीट पर बैठे तीन बच्चों की मौत मौके पर ही हो गई जबकि तीन अन्य घायल हो गए थे। कार सवार एक महिला व एक बच्ची दुर्घटना के बाद दूर गड्ढे में जा गिरी थी जिनका शव पुलिस ने बाद में बरामद कर लिया। कार सवार कन्हरगांव के समीप पटपड़ा जा रहे थे वहीं रात 1.30 पर एक बच्चे की मौत हुई। बताया जा रहा है कि ट्रक की गति काफी तेज थी ट्रक ने धीमी चल रही कार को इतनी जोर से टक्कर मारी जिससे कार सड़क किनारे काफी फिट दूर गड्ढे में जा गिरी। स्थानीय लोगों ने जब हादसा देखा तो तत्काल कार के पास पहुंचे इस दौरान कार में कई लोग फंसे हुए थे।

## जाग ही गया सऊदी अरब का तालिबान प्रेम

**काबुल।** लंबे समय से तालिबान पर चुप्पी साधे सऊदी अरब की ओर से प्रतिक्रिया आई है। सऊदी अरब का कहना है कि हमें उम्मीद है कि तालिबान एक अच्छी सरकार चलाएगा और अफगानिस्तान में शांति और स्थिरता की स्थापना करेगा।

## निपाह वायरस की एक घंटे में मिलेगी रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** कोरोना के बाद निपाह वायरस के बढ़ते खतरे के बीच भारत को बड़ा हथियार मिला है। ड्रग कंट्रोलर ऑफ इंडिया की ओर से निपाह वाायस की जांच के लिए गोवा की मोल्बियो डायग्नोस्टिक की टेस्ट किट को आपात इस्तेमाल की मंजूरी मिल गई है। ट्रूनेट नाम की यह टेस्ट किट से आरटीपीसीआर प्लेटफार्म पर आधारित है। निपाह वायरस की जांच के लिए अनुमोदित यह भारत की पहली टेस्ट किट है। ट्रूनेट पूरी तरह से स्वदेशी, बैटरी से चलने वाली और आरटीपीसीआर प्लेटफॉर्म पर आधारित है। इसके माध्यम से करीब 30 बीमारियों की जांच की जा सकती है और एक घंटे से भी कम समय में इसके नतीजे सामने आ जाते हैं। इस किट से टीबी, कोरोना, डेंगू, चिकनगुनिया, हेपेटाइटिस, एचपीवी जैसी बीमारियों की जांच की जा सकती है।

### क्विक अपडेट



## छत्तीसगढ़ की बैडमिंटन खिलाड़ी आकर्षी कश्यप इंडिया में नंबर वन

**रायपुर।** आकर्षी कश्यप इंडिया नंबर वन अब वर्ल्ड रैंकिंग में टॉप 100 के अंदर जगह बनाई।वहीं, सीनियर में दो साल से लगातार पहले स्थान पर बनी हुई हैं। डेनमार्क बैडमिंटन इंटरनेशनल में सेमीफाइनल वा मेक्सिको में क्वार्टर तक के अच्छे प्रदर्शन से आकर्षि का वर्ल्ड रैंक 94 वें स्थान पर हैं। आकर्षी अंडर 15,17और 19 की नेशनल चैंपियन बनी और सीनियर नेशनल ब्रॉन्ज मेडलिस्ट हैं।

## किसी भी बाहुबली या माफिया को टिकट नहीं देगी बसपा

**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने बाहुबली विधायक मुख्तार अंसारी को इस बार चुनाव न लड़ाने का ऐलान कर दिया है। उनके स्थान पर मऊ सदर क्षेत्र से बसपा के प्रदेश अध्यक्ष भीम राजभर चुनाव लड़ेंगे। ट्विटर के जरिए मायावती ने कहा है कि पार्टी ने फैसला लिया है कि विधानसभा चुनाव में किसी बाहुबली या माफिया को चुनाव में लड़ाया जाए इसलिए यह निर्णय लिया गया है। मायावती ने ट्वीट कर यह एलान किया।

# ममता के खिलाफ प्रियंका



**कोलकाता।** भारतीय जनता पार्टी ने पश्चिम बंगाल में 30 सितंबर को होने वाले उपचुनाव के लिए कमर कस ली है। खासकर भवानीपुर सीट पर तो पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व की खासी दिलचस्पी है। दरअसल, अगर ममता इस सीट से उपचुनाव हार जाती हैं, तो उन्हें मुख्यमंत्री पद छोड़ना पड़ेगा। ऐसे में भाजपा ने यह मौका भुनाने के लिए पार्टी नेता प्रियंका टिबरीवाल को ममता के खिलाफ मौका दिया है। चौंकाने वाली बात यह है कि प्रियंका अब तक खुद जिन दो चुनावों में खड़ी हुई हैं, उनमें उन्हें हार का सामना करना पड़ा है। ऐसे में भाजपा के उन्हें ममता के खिलाफ लड़ाने के फैसले पर सवाल भी उठ रहे हैं।टिबरीवाल का जन्म सात जुलाई 1981 को कोलकाता में हुआ था। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा वेलैंड गॉल्डस्मिथ स्कूल से पूरी की और दिल्ली विश्वविद्यालय से स्नातक की उपाधि प्राप्त की। उसके बाद, उन्होंने 2007 में कलकत्ता विश्वविद्यालय के अधीनस्थ हाजरा लॉ कॉलेज से कानून की डिग्री हासिल की। उन्होंने थाईलैंड अनुमान विश्वविद्यालय से एमबीए भी किया है।

# डेंगू और चिकनगुनिया का इलाज आयुष्मान योजना में शामिल



**भोपाल।** प्रदेश में डेंगू और चिकनगुनिया का इलाज आयुष्मान योजना में शामिल किया गया है। कोई भी सूचीबद्ध अस्पताल योजना के अंतर्गत इसके इलाज से इन्कार नहीं कर सकता है। इसकी रोकथाम के लिए जल स्रोत में दवा का छिड़काव, लार्वा नष्ट करने और फॉगिंग का काम मिशन मोड में किया जाए। जिला अस्पतालों में दस बिस्तरों के आइसोलेशन वार्ड की व्यवस्था बनाई जाए। यह निर्देश मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को मंत्रालय में 17 सितंबर को होने वाले टीकाकरण महाअभियान की समीक्षा के दौरान दिए। उन्होंने बताया कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया से कोरोना से बचाव के लिए टीके उपलब्ध कराने को लेकर चर्चा हुई है। उन्होंने भरोसा दिलाया है कि आवश्यकता के अनुसार आपूर्ति टीके मिलते रहेंगे। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ जिलों में डेंगू और चिकनगुनिया के मामले सामने आए हैं। इसे नियंत्रित करने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाए। अधिकारियों ने बताया कि कीटनाशक का छिड़काव डेंगू संक्रमित मरीज के घर के आसपास के घरों में कराया जा रहा है। बुखार का इलाज आयुष्मान योजना में पहले से शामिल है पर डेंगू और चिकनगुनिया को और स्पष्ट कर दिया गया है। कोविड टीकाकरण को लेकर उन्होंने कहा कि 17 सितंबर को महाअभियान को सफल बनाने के लिए सभी कदम उठाए जाएं।

## कोरोना मरीजों में उतार-चढ़ाव जारी एक दिन में 34,973 नए मामले



**नई दिल्ली।** कोरोना संक्रमितों की संख्या कम होने का नाम नहीं ले रही है। बीते 24 घंटे में 34,973 मामले सामने आए हैं। भले ही गुरुवार को सामने आए आंकड़ों की तुलना में शुक्रवार को 8,290 मरीज कम आए हों फिर भी यह संख्या डराने वाली है। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक 24 घंटे में 260 लोगों की मौत हो गई तो वहीं 37,681 मरीज स्वस्थ होकर घर लौट गए। देश में एक्टिव मरीजों की संख्या 3,90,646 है। वहीं देश में कुल मृतकों की संख्या की बात करें तो यह 4,42,009 हो गई है और अब तक कुल स्वस्थ मरीजों की संख्या 3,23,42,299 हो गई है। केरल में कोरोना संक्रमण नियंत्रण से बाहर हो चुका है। यहां आए दिन 20 हजार से ज्यादा मामले सामने आ रहे हैं। पिछले 24 घंटों में देश में सामने आए 34,973 कोरोना मरीजों में से अकेले केरल में ही 26,200 केस दर्ज किए गए हैं। वहीं राज्य में 114 लोगों की मौत भी हो गई है। केरल के बाद दूसरा राज्य महाराष्ट्र है।

# भारत ने पांचवां टेस्ट खेलने से किया इन्कार इंग्लैंड को मिला वाकओवर, सीरीज 2-2 से बराबर



**नई दिल्ली।** इंग्लैंड और भारत के बीच पांचवां और अंतिम टेस्ट रद्द कर दिया गया है। पहले खबर आई थी कि मैच एक दो दिन टल सकता है, लेकिन आखिरी में दोनों देशों के क्रिकेट बोर्डों ने इसे रद्द करने का फैसल कर लिया। कोरोना की मार के कारण यह मैच रद्द हुआ है। इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड से मिली जानकारी के अनुसार सीरीज का आखिरी मैच 10 सितंबर से मैनचेस्टर में शुरू होने वाला था, लेकिन इससे एक दिन पहले 9 सितंबर को भारतीय टीम के फीजियो को कोरोना संक्रमित पाया गया था। इसके बाद सभी क्रिकेटरों की जांच हुई। हालांकि सभी की रिपोर्ट निगेटिव आई थी। बहरहाल, ओवल टेस्ट जीतने के बाद भारत ने सीरीज में 2-1 से बढ़त बना ली थी, लेकिन यह मैच इंग्लैंड के खाते में गया है, क्योंकि भारत ने खेलने से इन्कार कर दिया और इंग्लैंड को वॉक ओवर मिल गया है। इस टेस्ट को लेकर कई तरह की शंकाएं लगाई जा रही थी, क्योंकि जूनियर फिजियो योगेश परमार भी कोरोना पॉजिटिव पाए गए थे। जूनियर फिजियो योगेश परमार के पॉजिटिव आने के बाद भारतीय टीम ने प्रैक्टिस बंद कर दी थी और सभी खिलाड़ियों का आरटीपीसीआर टेस्ट किया गया था।

## करनाल में मोबाइल इंटरनेट सेवा बहाल

**करनाल।** हरियाणा के करनाल में मोबाइल इंटरनेट सेवा को बहाल कर दिया गया है। किसानों के विरोध प्रदर्शन के दौरान सोशल मीडिया के जरिए अराजकता को न फैलने से रोकने के लिए हरियाणा सरकार ने करनाल समेत पांच जिलों में इंटरनेट सेवा ठप कर दी थी। हालांकि बाकी जिलों में पहले ही इंटरनेट सेवा को बहाल कर दिया गया था। वहीं करनाल में शुक्रवार को प्रशासन ने इंटरनेट सेवा शुरू कर दी। उधर किसानों के समर्थन में वकील भी उतर आए हैं।

# मेरे परिवार का जम्मू-कश्मीर से पुराना रिश्ता



**जम्मू।** दो दिवसीय दौरे पर जम्मू पहुंचे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि जब भी मैं जम्मू-कश्मीर आता हूं, मुझे लगता है कि मैं घर आ गया हूं। मेरे परिवार का जम्मू-कश्मीर से पुराना रिश्ता है। इसके साथ ही उन्होंने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं व कार्यकर्ताओं से रूबरू होकर संगठन की मजबूती के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। साथ ही केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने सरकार की नीतियों को जनविरोधी बताते हुए आलोचना की। बैठक में प्रदेश प्रभारी रजनी पाटिल, पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद, प्रदेश अध्यक्ष गुलाम अहमद मीर के साथ ही अन्य नेता भी शामिल हैं। अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद राहुल का जम्मू संभाग का यह पहला दौरा है। पिछले एक महीने में जम्मू-कश्मीर के दौरे पर वे दूसरी बार आए हैं। इससे पहले वे नौ व 10 अगस्त को श्रीनगर आए थे जहां उन्होंने पार्टी कार्यालय का उद्घाटन किया था। इससे पहले उन्होंने गुरुवार को मां वैष्णो देवी के दरबार में हाजिरी लगाई। कटड़ा से भवन तक वे पैदल ही गए। शाम की आरती में शामिल होने के बाद वे रात को ही जम्मू आ गए थे। दर्शन के बाद भवन से अर्धकुंवारी तक बैटरी कार से आए राहुल ने शेष रास्ता पैदल ही तय किया। रास्ते में वैष्णो देवी दर्शन के लिए जा रहे कई यात्रियों से बात की सेल्फी भी ली।




# गणेश चतुर्थी मध्यप्रदेश इकलौता राज्य जहां विश्व विख्यात चार गणेश मंदिर

**धर्म डेस्क।** आज देशभर में गणेश चतुर्थी का पर्व मनाया जा रहा है। आज के दिन भक्त गणपति बप्पा को नियम-निष्ठा के साथ अपने घर लाते हैं या फिर मंदिरों में दर्शन करने जाते हैं। देश में भगवान गणेश की कई सिद्ध मंदिरें हैं। सुबह से ही श्रद्धालु भगवान गणेश के दरबार में पहुंच रहे हैं। लेकिन, मध्यप्रदेश इकलौता राज्य है, जहां एक साथ चार गणेश मंदिर विश्वविख्यात है। आइए आज हम आपको चार प्रसिद्ध गणेश मंदिरों की कहानी बताते हैं, जहां सिर्फ प्रदेश के लोग ही नहीं बल्कि देश और दुनिया के लोग मनोकामना पूरी करने के लिए पहुंचते हैं ।

### ग्वालियर में तानसेन ने गणेश मंदिर में बैठकर श्रीगणेश स्तोत्र' की रचना की

धार्मिक मान्यता के अनुसार, संगीत सम्राट तानसेन ने ग्वालियर के बेहट में स्थित शिवालय व गणेश मंदिर में बैठकर ही 'श्रीगणेश स्तोत्र' की रचना की थी। बेहट के ऐतिहासिक झिलमिलेश्वर शिव मंदिर में तानसेन को आवाज मिली, वहीं गणेश मंदिर परिसर में वे संगीत का रियाज करते थे।



### उज्जैन में चिंतामण गणेश मंदिर

मध्यप्रदेश की धार्मिक नगरी उज्जैन में भगवान गणेश का प्राचीन मंदिर स्थित है। यह मंदिर महाकाल मंदिर से 6 किलोमीटर की दूरी पर है। यह प्राचीन मंदिर चिंतामण गणेश के नाम से प्रसिद्ध है।चिंतामण गणेश मंदिर का निर्माण राजा विक्रमादित्य के शासनकाल में हुआ। गणेश जी के इस प्रसिद्ध मंदिर के गर्भगृह में तीन प्रतिमाएं स्थापित है। गौरीसुत गणेश की तीन प्रतिमाएं गर्भगृह में प्रवेश करते ही दिखाई देती हैं, यहां पार्वतीनंदन तीन रूपों में विराजमान हैं।

### सीहोर में चिंतामण सिद्ध गणेश

सीहोर में चिंतामण सिद्ध गणेश में प्रतिमा आधी जमीन में धंसी है। मंदिर में स्थापित प्रतिमा को लेकर दो मान्यताएं हैं। चिंतामण गणेश मंदिर के बारे में कहा जाता है कि इस मंदिर की स्थापना विक्रमादित्य ने की थी। पौराणिक कथाओं के अनुसार, यहां स्थापित मूर्ति भगवान गणेश ने उन्हें स्वयं दी थी।

### इंदौर में खजराना गणेश

इंदौर के खजराना मंदिर के बारे में कथाओं में अलग मान्यता है। गणेश प्रतिमा पास ही एक बावड़ी में मिली थी। मंदिर का जीर्णोद्धार 1735 में शुरू हुआ। तत्कालीन होलकर घराने की इच्छा थी कि प्रतिमा को राजबाड़ा लेकर आएं और यहां मंदिर बनाकर स्थापित करें। इसके लिए उन्होंने बहुत प्रयास किया, लेकिन गणेश प्रतिमा टस से मस नहीं हुई। अंततः इसे भगवान की इच्छा मानकर वहीं मंदिर बनाने का निर्णय हुआ। आज भी बावड़ी उसी स्वरूप में परिसर में मौजूद है।

# कटनी से बरगवां के लिए चलेगी मेमू स्पेशल ट्रेन

## यात्रियों को मिलेगी सुविधा, 15 सितंबर होगी शुरूआत

**कटनी।** कटनी सिंगरौली खंड में डबल ट्रैक के निर्माण के बीच रेल प्रशासन द्वारा कटनी से बरगवां के बीच मेमू ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। जानकारी के मुताबिक रेलवे बोर्ड द्वारा गाड़ी संख्या 06623/06624 कटनी बरगवां कटनी मेमू स्पेशल ट्रेन आगामी 15 सितंबर से चलाई जा रही है। यह मेमू ट्रेन पूरी तरह से अनारक्षित रहेगी। गाड़ी संख्या 06623 कटनी से बरगवां मेमू स्पेशल ट्रेन 15 सितंबर से प्रतिदिन और वापसी में गाड़ी संख्या 06624 बरगवां से कटनी मेमू स्पेशल ट्रेन 15 सितंबर से प्रतिदिन चलेगी। इस गाड़ी में 2 ड्राइविंग मोटर कोच एवं 6 ट्रेलर मोटर कोच सहित कुल 8 कोच होंगे। इस मेमू स्पेशल ट्रेन का पश्चिम मध्य रेलवे के स्टेशनों पर ठहराव एवं समय नियत किया यगा है। जिसमे गाड़ी संख्या 06623 कटनी बरगवां मेमू ट्रेन कटनी स्टेशन से 6 बजे प्रस्थान कर कटंगीखुर्द 06:28 बजे, लखाखेरा 06:38 बजे, सलहना 06:50 बजे, पिपरियाकला 7 बजे, खन्नाबंजारी 07:20 बजे, महरोइ 07:30 बजे, दमोय 07:40 बजे, विजयसोता 08:03 बजे, बारा



08:13 बजे, छैतनी 08:28 बजे, ब्यौहारी 08:40 बजे, दुबरी कलां 08:58 बजे, कंचनपुर रोड 09:13 बजे, जोबा 09:28 बजे, मड़वासग्राम 09:38 बजे, शंकरपुर भदौरा 09:48 बजे, निवास रोड 10 बजे, भरसेण्डी 10:12 बजे, सुरसराईघाट झारा 10:22 बजे, सरईग्राम 10:33 बजे, गजरा बहरा 10:48 बजे, देवराग्राम 11:23 बजे, मझौली 11:58 बजे और 12:20 बजे बरगवां स्टेशन पर पहुंचेगी। इसी तरह वापसी में गाड़ी संख्या 06624 बरगवां से कटनी मेमू ट्रेन बरगवां स्टेशन से 13:45 बजे प्रस्थान कर मझौली 13:58 बजे, देवराग्राम 14:10 बजे, गजरा बहरा 14:20 बजे, सरईग्राम 14:33 बजे, सुरसराईघाट झारा 14:43 बजे, भरसेण्डी 14:53 बजे, निवास रोड 15:13 बजे, शंकरपुर भदौरा 15:28 बजे, मड़वासग्राम 15:40 बजे, जोबा 15:48 बजे, कंचनपुर रोड 16:02 बजे, दुबरी कलां 16:13 बजे, ब्यौहारी 16:30 बजे, छैतनी 16:43 बजे, बारा 16:58 बजे, विजयसोता 17:12 बजे, दमोय 17:23 बजे, महरोई 17:38 बजे, खन्नाबंजारी 17:58 बजे, पिपरिया कलां 18:23 बजे, सलहना 18:38 बजे, लखाखेरा 18:50 बजे, कटंगीखुर्द 19:13 बजे और 20:10 बजे कटनी स्टेशन पर पहुंचेगी। यह गाड़ी पूर्णतः अनारक्षित है। कोविड-19 संक्रमण से बचाव के लिए भारत सरकार द्वारा निर्देशित सभी दिशा निर्देशों का पालन करना जरूरी है।

## 13 सितंबर से मुड़वारा चलेगी दुर्ग अजमेर एक्सप्रेस

कटनी। रेल प्रशासन ने दुर्ग से अजमेर के बीच कटनी मुड़वारा जंक्शन होकर साप्ताहिक स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। जानकारी के मुताबिक गाड़ी संख्या 08217 दुर्ग से अजमेर 13 सितंबर से तथा गाड़ी संख्या 08218 अजमेर दुर्ग साप्ताहिक स्पेशल आगामी 14 सितंबर से चलाई जाएगी। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अजय कुमार पाल ने बताया कि गाड़ी संख्या 08217 दुर्ग से अजमेर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन दुर्ग से आगामी 13 सितंबर से प्रत्येक सोमवार को शाम 4 बजे चलकर दूसरे दिन मंगलवार को सुबह 10.50 बजे कोटा आकर 11.10 बजे कोटा से प्रस्थान करके उसी दिन शाम 5.45 बजे अजमेर पहुंचेगी। इसी तरह गाड़ी संख्या 08218 अजमेर से दुर्ग साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन अजमेर से 14 सितंबर से प्रत्येक मंगलवार को शाम 7.25 बजे प्रस्थान कर मध्य रात्रि में यानि दूसरे दिन 1.10 बजे कोटा आकर 1.35 बजे कोटा से प्रस्थान करके रात्रि में 10.10 बजे दुर्ग पहुंचेगी। ट्रेन दोनों तरफ रायपुर, तिल्दा, भाटापारा, ऊसलपुर, पेंड्रारोड, अनूपपुर, बुढ़ार, शहडोल, उमरिया, कटनी मुड़वारा, दमोह, सागर, अशोकनगर, गुना, बारां, कोटा जंक्शन, सवाई माधोपुर, दुर्गापुर, जयपुर, फुलेरा और किशनगंज स्टेशनों पर रुकेगी। इस साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन में एसएलआरडी के 2 कोच, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 2 कोच, शयनयान, श्रेणी के 11 कोच, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 3 कोच तथा वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 2 कोच सहित कुल द्य 20 कोच रहेंगे।

## रीवा-राजकोट व अमरकंटक एक्सप्रेस में लगेंगे अतिरिक्त कोच

**कटनी।** रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों को परेशानियों को ध्यान में रखते हुए ट्रेनों में



अतिरिक्त कोच लगाए जा रहे हैं। गाड़ियों में प्रतीक्षा सूची धारकों की संख्या में बढ़ोतरी के कारण रेलवे ने यह निर्णय लिया है। इसी कड़ी में अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने के लिए गाड़ी संख्या 09238 रीवा से राजकोट स्पेशल ट्रेन में 13 सितंबर को 2 शयनयान श्रेणी और गाड़ी संख्या 02854 भोपाल से दुर्ग अमरकंटक स्पेशल एक्सप्रेस में 12 सितंबर को 1 शयनयान श्रेणी का अतिरिक्त कोच लगाया जा रहा है। यह गाड़ी पूर्णत: आरक्षित है। इनमें कंफर्म टिकटधारी यात्रियों को ही यात्रा करने की अनुमति है। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि यात्रा के दौरान कोविड-19 से संबंधित सभी दिशा-निर्देशों का पालन किया जाए।

## 10 लोग से अधिक शामिल नहीं होंगे विसर्जन जुलूस में



### कोविड-19 के निर्देशों का करना होगा पालन

### बरही में शांति समिति की बैठक

**बरही।** आज 10 सितंबर से प्रारंभ 10 दिवसीय गणेश उत्सव में शांति-व्यवस्था माकूल बनाए रखने के मद्देनजर बरही थाना प्रांगण में शांति समिति की बैठक गुरुवार की शाम सम्पन्न हुई। बैठक में तहसीलदार एसएन त्रिपाठीए टीआई संदीप अयाची सहित नगर के गणमान्यजन पूर्व जनपद अध्यक्ष लालजी मिश्रा, विधायक प्रतिनिधि पीयूष अग्रवाल, निवर्तमान नगर परिषद उपाध्यक्ष राजेन्द्र सोनी, पत्रकार अजय वर्मा, प्रवीण त्रिवेदी डब्बू, पार्षद कामता ताम्रकार, पी डी ताम्रकार, नंद किशोर गुप्ता की उपस्थिति में कोविड-19 के निर्देशों के तहत गणेश उत्साह का त्योहार शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही यह भी बताया गया कि इस बार विसर्जन जुलूस में 10 से अधिक लोग शामिल नही होंगे। डीजे प्रतिबंधित रहेगा।

# सायना ने नेपाल के स्कूल के साथ किया ऑनलाइन सेमीनार







**कटनी।** सायना इंटरनेशनल स्कूल, कटनी ब्रिटिश काउंसिल का सदस्य है, जिसके तहत भारत के विभिन्न स्कूलों के अलावा विश्व के अन्य दशों के स्कूलों के साथविचारों, संस्कृतियों व अन्य गतिविधियों का आदान-प्रदान किया जाता है। इस कड़ी में विगत दिवस नेपाल के पार्टनर स्कूल के साथ एक ऑनलाइन सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें-रहस्यमयी संक्रामक रोग-एक वैश्वक तबाही' विषय पर परिचर्चा हुई। इसमें सायना के साथडी. पी. एस.बीरगंज नेपाल के विज्ञान संकाय के कक्षा ग्यारहवीं के छात्र-छात्राओं ने भारत, नेपाल और बांग्लादेश में होने वाली संक्रामक बीमारियों का अध्ययन कर जानकारी प्रस्तुत की। इस बेविनार से पहले सायना के कक्षा ग्यारहवीं के विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों प्रिया मिश्रा, पारूल जयसवाल, गुरजस कौर लाम्बा एवं हिमांशु सिंह ने प्राचार्य डॉ. आदित्य कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में एक सर्वे करके पिछले दस साल में महामारी घोषित हुए संक्रामणरोगों की जानकारी एकत्रित की। उन्होंने कटनी जिला चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सक डॉ. यशवंत वर्मा से मिलकर तथ्यों की प्रामाणिक जानकारी एकत्रित कर नगर निगम कटनी एवं शहर के अन्य अस्पतालों से रोग के कारण, उनसे होने वाली मृत्यु दर तथा बचाव हेतु टीकाकरण आदि बिंदुओं का पावर प्वाइंट

## संक्रमण रोग एक वैश्विक तबाही विषय पर परिचर्चा

प्रेजेंटेशन तैयार करके प्रदर्शित किया गया। इसी तरह डी.पी.एस. बीरगंज नेपाल के प्राचार्य डॉ. बी.के. चौधरी के दिशा-निर्देश में छात्र उज्ज्वल राज चौधरी ने नेपाल के संचारी रोगों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। सायना के ब्रिटिश काउंसिल (आई डी एस) एक्टिविटी कोर्डिनेटर मि. हर्षेंद्र यादव के मार्गदर्शन में कक्षा नवमीं के विद्यार्थियों इशिता बजाज, निष्ठा सिंह, शान्वी पाठक, अविशा तिवारी, प्रवगुन कौर लाम्बा, श्रेयवर्धन गोलछा और रोशन कुमार ने चार्ट बनाकर जागरूकता अभियान चलाया, जिसमें विभिन्न रोगजन कों के जीवन चक्र, स्थानीय रोग, उनके लक्षण एवं उपचार के संबंध में जानकारी दी। विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए प्राचार्य डॉ. शर्मा ने कहा कि चर्चा करना एक बात और उसे अमल में लाना दूसरी बात। अभी जब कोरोना महामारी का प्रकोप है, तो हमें उससे बचने के लिए सुरक्षात्मक उपायों को नजर अंदाज नहीं करना चाहिए। मास्क का उपयोग करते हुए लोगों से मिलने पर दूरी अवश्य बनाकर रखें। सायना के विज्ञान विभागाध्यक्ष सतीश गुप्ता ने बच्चों को आंकड़े एकत्रित करने में सहयोग किया। इसके अलावा कार्यक्रम को सफल बनाने में समन्वयक डॉ लोकेश दुबे व कमलसरेचा, सुश्री मोनिका धीवानी, दिलीप कुमार झा एवं राज शुक्ला ने भी सहयोग प्रदान किया। कम्प्यूटर टीचर मि. जयंत जैन ने टेक्निकल सहयोग प्रदान कर गतिविधि को सुचारू रूप से सम्पन्न कराया।



# न्यूट्रीशिनल पोषण प्रदान करने वाले पौधों का रोपण

## गर्ल्स कॉलेज के ईको क्लब ने शुरू किया पोषण अभियान

**कटनी।** शासकीय कन्या महाविद्यालय के ईको क्लब द्वारा एप्को के पोषण अभियान के अंतर्गत न्यूट्रीशिनल पोषण प्रदान करने वाले पौधों को लगाया गया। इस उपलक्ष्य में डॉ आर के गुप्ता ने पौधारोपण किया और पोषण संबंधी जानकारी दी। ईको क्लब प्रभारी डॉ प्रज्ञा अग्रवाल ने पौष्टिक पौधों के महत्व को समझाया। प्राणी शास्त्र की विभागाध्यक्ष डॉ साधना जैन ने न्यूट्रीशिनल पौधों से मिलने वाले पोषण से हम अपने शरीर को किस प्रकार स्वस्थ रख सकते हैं। इसके बारे में छात्राओं को जागरूक किया। गृहविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ पुष्पा कुशरे ने पौधों से मिलने वाले प्रोटीन के बारे में बताया एवं श्रीमती नेहा चौधरी सहायक प्राध्यापक गृहविज्ञान ने बताया कि किन किन पौधों से हमें कार्बोहाइड्रेट प्राप्त होता है। इस कार्यक्रम में डॉ रश्मि चतुर्वेदी, डॉ वीणा सिंह, डॉ किरण खरादी ने भी पौधारोपण किया। आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में ईको क्लब के द्वारा एक पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता के विषय थे प्लास्टिक रिसाईक्लिंग एवं पौष्टिक पौधे। इस प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय की शिवांगी नामदेव ने प्रथम, प्रियंका विश्वकर्मा ने द्वितीय एवं पूजा दुबे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्राओं को प्राचार्य के द्वारा स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीमती श्वेता जायसवाल, सुश्री सोनिया कश्यप, सुश्री आरती वर्मा एवं महाविद्यालय की छात्राओं की अहम भूमिका थी।





## समर्थ युवा शक्ति ने फूंका विद्युत मंडल का पुतला

**कटनी।** समर्थ युवा शक्ति द्वारा विद्युत मंडल द्वारा अघोषित बिजली कटौती, मनमाने बिजली बिल एवं बिजली की बढ़ी दरों को लेकर थाना तिराहा में विद्युत मंडल का पुतला दहन किया गया। समर्थ युवा शक्ति के सदस्यों से प्रशासन द्वारा पुतला छीनने का प्रयास किया गया, साथ ही फायर ब्रिगेड से पानी की बौछार की गई, जिसके बाद भी समर्थ युवा शक्ति के सदस्यों ने पुतला दहन कर विद्युत मंडल का विरोध दर्ज कराया। इस अवसर पर सागर तोमर, मनीष सिंह, अजय सरावगी, अनिरुद्ध सिंह, आकाश सोनी, विरेंद्र, मयंक, करण, आशीष साहू, हेमंत नामदेव, भानु प्रताप सिंह, दीपक साहू आदि उपस्थित रहे।

## पारदर्शी स्थानांतरण आदेश जारी किये जाने की मांग

**कटनी।** शिक्षक कांग्रेस द्वारा शिक्षा विभाग में की गई अनुकंपा नियुक्तियां, क्रमोन्नति



के आदेश एवं पारदर्शी पूर्ण स्थानांतरण आदेश जारी किये जाने पर कलेक्टर को धन्यवाद पत्र सौंपते हुए मांग की गई। शासन के निर्देशानुसार मान्यता प्राप्त कर्मचारी संगठनों के साथ विभागीय परामर्शदात्री समिति की बैठकें कराये जानें के प्रावधान है किन्तु कटनी जिले में यह बैठकें दीर्घ अंतराल से आयोजित नहीं हुई है। कलेक्टर ने त्वरित कार्यवाही करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को उक्त बैठक आयोजित कराये जाने के निर्देश दिये गये। प्रतिनिधि मंडल में संगठन के महामंत्री नवनीत चतुर्वेदी, इलयास अहमद, अजय सिंह, ऐश्वर्य मिश्रा, अनिल मिश्रा, प्रहलाद मिश्रा, ऋषि परौंहा आदि उपस्थित रहे है।

# बच्चों के साथ युवा भी जागरूक, बनाए मिट्टी के गणेश

## पर्यावरण व जल संरक्षण को लेकर लोगों में जागरूकता, रासायनिक रंगों का भी नहीं प्रतिमाओं में प्रयोग







**कटनी।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा गणेशोत्सव पर्व पर जल व पर्यावरण संरक्षण को लेकर चलाए जा रहे जागरूकता कार्यक्रमों का असर शहरवासियों के बीच देखने को मिल रहा है। एक ओर शहर के बच्चे इको फ्रेंडली गणेश प्रतिमाएं खुद बनाकर जागरूकता का संदेश दे रहे हैं तो युवा भी विशेष रूप से पर्यावरण संरक्षण की दिशा में आगे आ रहे हैं। शहर के युवाओं द्वारा मिट्टी की गणेश प्रतिमाएं बनाई जा रही हैं और उनको प्राकृतिक रंगों से सजाकर शुक्रवार से शुरू हो रहे गणेशोत्सव पर्व पर घरों में विराजित किया जाएगा। इतना ही नहीं मिट्टी से बने गणपति को अनंत चतुर्दशी पर घरों में गमलों, बाल्टी या फिर नदी, तालाब किनारे बनाएं गए कुंडों में ही विसर्जित किया जाएगा। शहर की निजी स्कूल संचालिका शिखा पलटा ने भी घर के लिए मिट्टी की गणेश प्रतिमा बनाई है। शिखा ने इससे पहले बच्चों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाने के लिए स्कूल से ऑनलाइन मिट्टी, आटा व क्ले के इको फ्रेंडली गणेश बनाना बच्चों को शिक्षकों की मदद से सिखाया। उसके बाद खुद भी बच्चों के साथ मिट्टी की प्रतिमा बनाई और उसके सजावट भी प्राकृतिक रंगों से की है। उनका कहना है कि पर्यावरण संरक्षण हमारी जिम्मेदारी है और इसके लिए ही उन्होंने स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम का भी आयोजन किया ताकि बच्चे भविष्य में भी इन बातों को ध्यान में रख सकें।

### नेहा के घर भी विराजेंगे मिट्टी से बने गणेश

युवा वर्ग भी पर्व में रासायनिक रंगों और पीओपी से बनी प्रतिमाओं से होने वाले नुकसान से पर्यावरण व जल को बचाने जागरूक है। शहर की युवा नेहा जायसवाल ने भी गणेश उत्सव के लिए अपने हाथों से मिट्टी के गणपति बनाए हैं। नेहा का कहना है कि जिस तरह से पर्यावरण व जल प्रदूषण बढ़ रहा है, उसको लेकर सभी को आगे आने की जरूरत है और वे पिछले कई वर्ष से इको फ्रेंडली गणेश प्रतिमा का खुद बनाती हैं और घर में उसी की स्थापना कर दस दिवसीय पर्व मनाया जाता है।

### 12 वर्षीय अनुवेद ने भी सजाए इको फ्रेंडली गणेशा

गणेश उत्सव पर्व को लेकर बच्चों में खास उत्साह होता है। शहर में एक सप्ताह पहले से ही बच्चों ने गणपति की अगवानी की तैयारी प्रारंभ कर दी थी। पर्यावरण को संरक्षित करने बच्चे भी इको फ्रेंडली गणेश प्रतिमाएं खुद बना रहे हैं। शहर के जालपा वार्ड निवासी अनुवेद पाठक ने भी इस बार मिट्टी से गणेश प्रतिमा का निर्माण किया है और प्रतिमा को घर में उपलब्ध हल्दी, चुकदर, गाजर आदि से बने रंगों से सजाया है। अनुवेद का कहना है कि वे अपनी प्रतिमा का विर्सजन भी अपने घर में ही करेंगे।



# आउटसोर्स कर्मचारियों का शोषण कर रही ट्रिग डिटेक्टिव कंपनी

## अधीक्षण अभियंता को दिया ज्ञापन

**कटनी।** विद्युत मंडल कार्यालय शांतिनगर में अधीक्षण अभियंता को विद्युत मंडल में कार्य करने वाले आउटसोर्स कर्मचारियों द्वारा मांगों को लेकर ज्ञापन दिया गया, जिसमें आउटसोर्स कंपनी ट्रिग डिटेक्टिव जिसका टेंडर 1 अप्रैल 2021 से प्रारम्भ हुआ है, जिसमे की कंपनी द्वारा अपने कर्मचारियों को आज तक ज्वाइनिंग लेटर, पहचान पत्र, कर्मचारियों की वर्दी, सुरक्षा उपकरण, कर्मचारियों का बीमा कर्मचारियों का पी फंड नहीं दिया गया है। कंपनी महीने के 30 दिन काम करवाती है और वेतन कुल 26 दिनों का ही दिया जाता है, जो वेतन दिया जाता है, वह भी किसी निश्चित समय पर नहीं मिलता है। जिस कारण कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है, इसके पहले भी पिछले 3 सालों तक प्राइम वन वर्कफोर्स प्राईवेट लिमिटेड कंपनी का ठेका था, जिसमे कर्मचारियों से 30 दिन कार्य करवाकर 26 दिनों का वेतन दिया जाता था, जिसके लिए कर्मचारियों द्वारा पूर्व में भी ज्ञापन दिए गए, जिसमे अधिकारियों द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई। बल्कि नौकरी से निकालने की धमकी देकर कर्मचारियों का शोषण किया जाता रहा। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि ये सब खेल कंपनियों और अधिकारियों की मिलीभगत से खेला जा रहा है, जिसमे आउटसोर्स कर्मचारी परेशान हो रहे हैं।

आज की खबर अभी, आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

# दबंगई में राजधानी से आगे कटनी के आवारा कुत्ते

## 8 माह में हजारों डॉग बाइट के मामले आए सामने, कुत्तों के सबसे ज्यादा आतंक वाला प्रदेश का पांचवा शहर कटनी

**कटनी।** प्रदेश में इंदौर, जबलपुर, भिंड और सतना के बाद कटनी के कुत्ते सबसे ज्यादा खूंखार हैं। कटनी पांचवा ऐसा शहर है जहां आवारा कुत्तों का सबसे ज्यादा आतंक है। ये आवारा कुत्ते रोजाना लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। इसके बावजूद न जिला प्रशासन इन आवारा कुत्तों पर गंभीर है और न नगर निगम इनको पकड़ने के लिए कोई कदम उठा रहा। स्वास्थ्य विभाग के रिकार्ड की मानें तो प्रदेश के पांच शहरों इंदौर, जबलपुर, भिंड, सतना और कटनी में एंटी रैबीज इंजेक्शन की खपत सबसे ज्यादा हो रही है। यानी इन जिलों में डॉग बाइट के मामले सबसे ज्यादा आ रहे हैं।



### हर साल 10-12 हजार लोग पहुंच रहे अस्पताल

जिले में कुत्तों के काटने की घटनाएं साल दर साल बढ़ रही हैं। 2019 में 10950 लोग इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचे थे। 2020 में भी 10 हजार से ज्यादा लोग डॉग बाइट के शिकार हुए। 2021 के 8 माह में 9999 लोग डॉग बाइट के शिकार हो चुके हैं।

### जिम्मेदार नहीं गंभीर

शहर में रात के समय आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ जाता है। एक दिन में आधा दर्जन से अधिक लोगों को ये अपना शिकार बना रहे हैं। हाल यह हैं कि लोग दहशत में आकर अपने बच्चों को घर से नहीं निकलने दे रहे। इसके बाद भी नगर निगम कुत्तों को पकडऩे में दिलचस्पी नहीं दिखा रहा। ननि प्रशासन के पास इन कुत्तों को पकड़कर न ऑपरेशन कराने और न वैक्सीनेशन कराने की व्यवस्था है।

### 8 माह में हजारों लोग हुए शिकार

शहर में बीते 8 माह जनवरी से अगस्त तक हजारों लोग आवारा कुत्तों का शिकार हो चुके हैं। सबसे ज्यादा जनवरी महीने में लोगों को आवारा कुत्तों ने अपना शिकार बनाया। मार्च में लॉकडाउन के बाद लोगों के घर से नहीं निकलने के कारण डॉग बाइट के मामलों में गिरावट आई। इसका असर अप्रैल और मई की संख्या में देखा जा सकता है। अनलॉक के बाद डॉग बाइट की संख्या में एक बार फिर तेजी से इजाफा हुआ। अगस्त में 19 दिन में आधा सैकड़ा से अधिक डॉग बाइट के मामले जिला अस्पताल पहुंच चुके हैं।

### हर माह डेढ़ से दो सौ बॉयल की खपत

जिला अस्पताल में हर माह डेढ़ से दो सौ एंटी रैबीज इंजेक्शन की खपत हो रही है। लॉकडाउन के दौरान एंटी रैबीज इंजेक्शन की खपत में कमी आ गई थी। लॉकडाउन के बाद एक बार फिर एंटी रैबीज इंजेक्शन की डिमांड बढ़ने लगी है।

| शहर | डॉग बाइट के मामले |
|---|---|
| इंदौर | 14722 |
| जबलपुर | 1616 |
| भिंड | 1498 |
| सतना | 1464 |
| कटनी | 1401 |
| भोपाल | 1283 |
| रतलाम | 1182 |
| रीवा | 830 |
| कुल | 40882 |

(जुलाई 2021 में सामने आए डॉग बाइट के मामले)



# कोरोना गाइडलाइन को ध्यान में रखकर मनाएं पर्व

### गणेशोत्सव, दुर्गा पूजा और ईद मिलादुन्नबी के मद्देनजर शांति समिति की बैठक

**कटनी।** सितम्बर एवं अक्टूबर माह में आने वाले पर गणेशोत्सव पर्व, दुर्गा पूजा और मिलादुन्नबी पर्व को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन, जिला पंचायत सीईओ जगदीश चंद्र गोमे, एडीएम रोमोनुस टोप्पो, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीश केडिया मौजूद थे। बैठक में एसपी श्री जैन ने मौजूद समिति के सदस्यों से कहा कि करोना की दूसरी लहर की भयावह स्थिति आप सभी ने देखी है। उस को ध्यान में रखते हुए सभी पर्व में करोना गाइडलाइन का कड़ाई से पालन करें। उन्होंने कहा कि गृह विभाग द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार पंडाल और प्रतिमाओं की स्थापना करें। साथ ही यह सुनिश्चित करें कि आयोजन स्थल पर मास्क, सैनिटाइजर आदि की व्यवस्था रहे। इससे पहले अपर कलेक्टर श्री टोप्पो ने गृह मंत्रालय द्वारा जारी गाइडलाइन की जानकारी दी। इस दौरान बैठक में पर्व को लेकर शांति समिति के सदस्यों ने भी अपने सुझाव रखे। जिसको लेकर अधिकारियों ने कहा कि व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने उनके सुझाव पर भी विचार किया जाएगा। इस दौरान शांति समिति के सदस्यों सहित अधिकारी मौजूद थे।

# पर्वों के मद्देनजर सफाई पर जोर

**कटनी।** वर्तमान पर्यूषण पर्व एवं गणेश चतुर्थी पर्व सहित अन्य पर्वो को दृष्टिगत रखते हुए निगम प्रशासन द्वारा नगर के जैन मंदिरों सहित गणेश प्रतिमा स्थलों के आसपास विशेष साफ सफाई कराई जाकर चूनें की लाईनिंग कीटनाशक दवा का छिडकाव किया गया। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक श्री प्रयंक मिश्रा एवं निगमायुक्त श्री सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में निगम के स्वाच्छता दूतों द्वारा आज प्रातः नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्रों के मुख्य एवं अन्य मार्गो, बाजार स्थलों, मलिन बस्तियों, सब्जी मंडी स्थलों, कचरे के प्वाइंटों, मुख्य मार्गो के डिवाइडर, डस्टबिनों की सफाई सहित डोर टू डोर कचरे के संग्रहण का कार्य किया जाकर नगर को साफएवं स्वच्छ रखनें के प्रयास दो पालियों के माध्यम से किये जा रहे है। नगर की विभिन्न स्थलों की नालियों की सफाई व्यवस्था के तहत कावस जी वार्ड गढडा टोला में मलिन वंशकार बस्ती ,बगरहटी मोहल्ला मलिन बस्ती एवं खेरमाता मंदिर के पीछे वाली नालियों, श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड दादा वाली गली सहित नगर के अन्य स्थलों में नाले एवं नालियों की सफाई का कार्य कराया गया।

# प्रेम विवाह के बाद पति ने दिया धोखा, बच्चों और पत्नी को छोड़कर भागा

## दूसरी महिला की एंट्री, रिश्तों में पड़ी दरार, अलग हो गए प्रेमी जोड़े,बच्चों को पाने बरही पुलिस से प्रीति ने लगाई थी गुहार, टीआई के प्रयासों से मां के सुपुर्द हुए दोनों बच्चे

**बरही।** अर्थाई शाहनगर की रहने वाली प्रीति और बगैहा के आनंद पर प्यार का परवान चढ़ा और दोनों ने वृंदावन जाकर प्रेम विवाह भी किया, जिनके दो बच्चे भारत 7 वर्ष, भास्कर 4 वर्ष हुए। इसी बीच पति-पत्नी के बीच में दूसरी महिला की एंट्री हो गई। आनंद अब दो बच्चों का बाप होने के बाद दूसरी महिला के जाल में फंसकर प्रीति को परेशान करने लगा, जिससे तंग आकर प्रीति अपने मायके चली गई। दोनों बच्चे आनंद के पास रह रहे थे। पति के हरकत से परेशान प्रीति ने अपने दोनों बच्चों को पाने के लिए बरही थाना पहुंच गई, जहां टीआई संदीप अयाची ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल एक्टिव हुए। आनंद को बच्चों के साथ थाने में तलब किया गया, जिसके बाद दोनों बच्चो को उसकी मां प्रीति के सुपुर्द किया गया और आनंद अपनी दूसरी पत्नी के साथ अपने घर लौट गया। प्रीति ने अपने दोनों कलेजे के टुकड़ों को पाकर बरही थाना प्रभारी संदीप अयाची के प्रयास के लिए कृतज्ञता जाहिर करते हुए अपने मायके लौट गई। यह कहानी नहीं है, बल्कि पूरी तरह से सच घटनाक्रम है। पीड़िता प्रीति उपाध्याय ने अपने जीवन की दास्तां बया करते हुए बताया कि बरही थाना क्षेत्र के ग्राम बगैहा निवासी आनंद उपाध्याय से वृंदावन जाकर 2012 में प्रेम विवाह किया था। सब कुछ ठीक चल रहा था। विवाह के बाद उसके 2 बच्चे भारत और भास्कर हुए। पति पेशे से ऑटो चालक है, जो किसी अन्य महिला के जाल में फंसकर उससे शादी रचा लिया था। ससुर की मौत होने के बाद उसका पति आनंद उसे प्रताड़ित करने लगा, जिससे तंग आकर वह अपने मायके चली गई, लेकिन दोनों बच्चो को पति नहीं दे रहा था। बरही थाना पहुंचकर टीआई संदीप अयाची से बच्चो के लिए गुहार लगाई, जिनके प्रयास से उसे दोनों बच्चे मिल गए। इस पूरे घटनाक्रम के बारे में थाना प्रभारी संदीप अयाची ने बताया कि महिला पिछले कुछ साल से अपने पति से अलग रह रही थी, जो अपने दोनों बच्चों को पति से दिलाने की मांग कर रही थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए दोनों पक्षो को थाना बुलाकर समझाया गया, जिसके बाद पीड़िता का पति बच्चों को मां के सुपुर्द करने राजी हुआ और अब दोनों बच्चो को मां के सुपर्द कर दिया गया है।



### सूरत भाग गई थी प्रीति

प्रीति द्वारा लगाए गए आरोप को झूठा करार देते हुए उसके पति आनंद उपाध्याय ने अपना पक्ष रखते हुए बताया कि 3 साल पूर्व प्रीति घर से परिवारिक भाई के साथ सूरत भाग गई थी, जिसकी गुमशुदगी की शिकायत बरही थाने में दर्ज भी कराया था, उसके घर न आने के बाद एक साल पूर्व ही पिता के निधन के बाद दोनों बच्चों की परिवरिश के लिए कोर्ट मैरिज किया। अब बच्चे बड़े हुए तो प्रीति लेने पहुंच गई।

# पलक झपकते गायब हो रहे वाहन

## नहीं थम रही चोरी की वारदातें

**कटनी।** जिले में लगातार हो रही चोरी की वारदातें रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। कोतवाली थाना क्षेत्र से 7 सितंबर को दो मोटर साइकिल चोरी कर ली गई हैं जबकि इससे पहले 4 सितंबर को रंगनाथ थाना क्षेत्र से एक मोटर साइकिल को चोरों ने पार कर दिया था। 6 सितंबर को माधवनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत दीवार में सेंध कर चोरी घर के अंदर घुसे और हजार रुपए की चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

पुलिस ने बताया कि कोतवाली थाना अंतर्गत हीरागंज स्थित डॉ. प्रसंग बजाज की क्लीनिक के पास से संदीप चक्रवर्ती की मोटर साइकिल को चोरों ने पार कर दिया। चोरी गई मोटर साइकिल की कीमत करीब 70 हजार रुपए आंकी गई है। वहीं नई बस्ती सरस्वती स्कूल के पास से राम निषाद की मोटर साइकिल चोरी कर ली गई। मोटर साइकिल कीमत करीब 75 हजार रुपए आंकी गई है। रंगनाथ थाना अंतर्गत जीजी नर्सिंग होम के पास से आशीष सिंह राठौर की मोटर साइकिल चोरों ने पार कर दी। इसके अलावा माधवनगर थाना अंतर्गत नया मोहल्ला कछगवां निवासी प्रीतम पटेल के घर की दीवार में सेंध लगाकर चोरों ने सोने-चांदी के आभूषण सहित लगभग 19 हजार 5 सौ रुपए नगद पार कर दिए। चोरी करीब 25 हजार 6 सौ रुपए की बताई जा रही है। पुलिस अज्ञात बदमाशों के विरूद्ध मामला दर्ज कर उनकी तलाश कर रही है।

# शिक्षक सच्चा पथ प्रदर्शक, केन्द्र विद्यालय आयुध निर्माणी में मना शिक्षक पर्व



**कटनी।** केंद्रीय विद्यालय आयुध निर्माणी में 7 से 17 सितम्बर तक मनाये जाने वाले शिक्षक पर्व में ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों प्रकार से सभी उपस्थित शिक्षक साथियों एवं छात्र छात्राओं ने सहर्ष भाग लिया। विद्यालय प्राचार्य द्वारा दोनों प्रकार की सुचारू रूप से व्यवस्था की गई जिससे सभी शिक्षकों ने वेबकास्ट एवं वेबिनार पर आयोजित शिक्षक पर्व कार्यक्रम में भाग लिया द्य विद्यालय प्राचार्य ने विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक साथियों को सम्मानित किया। 9 सितम्बर को इस श्रृंखला के अन्तर्गत मूलभूत साक्षरता एवं अंक गणितीय शिक्षण पर सुश्री अनीता करवाल, मनीष गर्ग, एन्नी कोशी, सुश्री नंदिनी, सीमा चौधरी विद्वानों ने अपने विचार व्यक्त किये। प्राथमिक शिक्षण पर विशेष बल देते हुए शिक्षक की भूमिका पर भी प्रकाश डाला।

# विजयराघवगढ़ में लागू होगी नो इंट्री की व्यवस्था

## यातायात जाम की समस्या लेकर एसपी ने दिए निर्देश



**विजयराघवगढ़।** विजयराघवगढ़ में भारी वाहनों की आवाजाही से परेशान व्यापारियों के लिए पुलिस ने नो इंट्री की व्यवस्था लागू करने की तैयारी की है। विजयराघवगढ़ के दौरे पर गुरूवार को पहुंचे एसपी सुनील जैन ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान बताया कि भारी वाहनों की आवाजाही रोकने के लिए नो इंट्री की व्यवस्था लागू की जा रही है। उन्होंने एसडीओपी शिखा सोनी से कहा कि इसके लिए जरुरत पड़े तो कटनी से पुलिस बल बुलवा लें। विगत दिवस पुलिस अधीक्षक के आगमन पर विजयराघवगढ़ पुलिस थाने में पत्रकारों से मुलाकात के दौरान पत्रकारों द्वारा नगर से निकलने वाले एसीसी के भारी वाहनों की अंधाधुंध आवाजाही की जानकारी देते हुए रोक लगाने की मांग की गई एवं नो एंट्री लगाने की पहल की गई। जिसमें पुलिस अधीक्षक श्री जैन द्वारा अविलंब व्यवस्था हेतु आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर पत्रकार जागेश्वर प्रसाद मिश्रा, प्रवेश मिश्रा, आशुतोष सराफ, हाफीज निजामुद्दीन एवं प्रशांत मिश्रा की उपस्थिति रही।

# श्रीराम जानकी हनुमान मंदिर में बजरंगबली की महाआरती



**कटनी।** शिव प्रखंड के शिवाजी खण्ड में विराजे श्रीराम जानकी हनुमान मंदिर में बजरंगबली की भव्य महाआरती सम्पन्न हुई, जिसमें मुख्य रूप से जिला सयोंजक राहुल दुबे, नगर संयोजक मनीष दुबे, शिव प्रखंड मंत्री अनुराग तिवारी, शिव प्रखंड सयोंजक शुभम शुक्ला, प्रखंड सत्संग प्रमुख राहुल तिवारी, प्रखंड बलोंपासना प्रमुख सुमित श्रीवास, प्रभांशु श्रीवास्तव, खण्ड मंत्री वंश, खण्ड सयोंजक अमर, शिवाजी खण्ड मंत्री प्रहलाद, खण्ड सयोंजक अंकित सह सयोंजक वासु रोहित तिवारी रोहित कोरी और शिव प्रखंड के सभी कार्यकर्ता व शिवाजी खण्ड के बंधु उपस्थित थे और कार्यक्रम का संचालन वासु और प्रहलाद के द्वारा हुआ।

# 150 मरीजों का नेत्र परीक्षण





**कटनी।** हर महीने की 9 तारीख को ब्राह्मण समाज द्वारा ब्राह्मण सत्संग भवन में सदगुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट के नेत्र विशेषज्ञों के द्वारा नेत्र परीक्षण किया जाता है जिसमें आज 150 मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया गया। जिसमें की 15 मरीजों को आपरेशन के लिए चित्रकूट भेजा गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संरक्षक पं अमरनाथ गौतम एवं डी पी तिवारी द्वारा दीप प्रज्जवलित करके किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजू शर्मा प्रेमप्रकाश दीक्षित, बिल्लू शर्मा, सूर्य कांत गौतम, संजय शर्मा, पप्पू गर्ग, विक्रांत शर्मा, कल्लू बाजपेई, के के गौतम द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया गया।

### उज्जवला योजना के हितग्राहियों के लिए लगाए जा रहे शिविर

**कटनी।** शासन द्वारा प्रधानमंत्री उज्जवला योजना 2.0 को लेकर पात्र हितग्राहियों को लाभ देने जिले भर में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। 15 सितंबर से पूर्व कार्रवाई पूर्ण की जानी है और इसको लेकर शिविरों में उज्जवला योजना की महिला हितग्राहियों के आवश्यक दस्तावेज जिले भर में गैस एजेंसियों के सहयोग से शिविर लगाकर आवेदन जमा कराए जा रहे हैं। उज्जवला योजना अंतर्गत पात्र हितग्राहियों की श्रेणी में एसईसीसी 2011 की सूची में शामिल महिलाओं, अनुसूचित जाति, जनजाति गृहस्थी, प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही, अन्त्योदय अन्न योजना, वनवासी, अति पिछड़ा वर्ग, चाय एवं पूर्व चाय बागान जनजातियां, द्वीप व नदी द्वीप में निवासरत को भी शामिल किया गया है। नगर निगम सीमा क्षेत्र में गैस एजेंसियों के माध्यम से सातों दिन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि कटनी गैस कटनी एजेंसी द्वारा नगर निगम उप कार्यालय जोन 04 माधवनगर व कलेक्ट्रेट परिसर में, पुरूषोत्तम गैस एजेंसी नई बस्ती द्वारा नगर निगम उप कार्यालय जोन 03 दुर्गा चैक खिरहनी व शासकीय उचित मूल्य दुकान रफी अहमद किदवई वार्ड, गुप्ता गैस एजेंसी बस स्टैंड द्वारा नगर निगम आडिटोरियम, कृषि उपज मंडी प्रांगण में, कटनी इंडेन चांडक चैक द्वारा नगर पालिक निगम कार्यालय, एनकेजे रेलवे हास्पिटल, उषा गैस एजेंसी द्वारा नगर निगम जोन आफिस 01 टीसी बजान स्कूल व पुरानी कचहरी, अशोक गैस एजेंसी बरगवां द्वारा शासकीय उचित मूल्य दुकान हाउसिंग बोर्ड कालोनी में प्रतिदिन शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

### ऑनलाइन ठगी का शिकार हुआ युवक खाते से कट गए 21 हजार

**कटनी।** बहोरीबंद तहसील के बाकल थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम मसन्धा के रहने बाले अजय प्रताप सिंह के साथ ऑनलाइन ठगी हुई है। बुधवार सुबह 8 बजे उसके खाते से अचानक 21 हजार रुपये कट गए हैं। युवक ने सेंट्रल बैंक बाकल पहुंचकर मामले की जानकारी दी। थाना पहुंचकर शिकायत भी दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने
जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है भी मेरे पक्षकार सुशील पोद्दार वल्द स्वर्गीय श्री बाबूलाल पोद्दार के द्वारा ग्राम कैलवाराखुर्द, प.ह.नं. 29/45 रा.नि.मं. मुड़वारा-2, तहसील व जिला कटनी म.प्र. स्थित भूमि ख.नं. 207/1, 238, 248, 249/1, 242 एवं 262 कुल रकवा 3.00 हे. भूमि के वास्तविक स्वामी रामकिशोर यादव, कालूराम यादव वल्द स्व. बसोरी लाल यादव एवं जिंदा यादव वल्द रामदास यादव तीनों निवासी- बधईया मोहल्ला कुठला तहसील जिला कटनी म.प्र. व कब्जादार से भूमि को क्रय करने का अनुबंध पर निष्पादित हुआ है। इस आम सूचना के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की उपरोक्त वर्णित भूमि में किसी व्यक्ति, संस्थान व बैंक आदि का हित निहित है जो वह सूचना प्रकाशन से पंद्रह दिवस के अंदर अपने स्वामित्व व कब्जा के दस्तावेजों सहित मेरे कार्यालय में संपर्क करें। उक्तावधि के अवसान होने उपरांत यदि कोई भी व्यक्ति, फर्म, संस्था व बैंक के दवारा कोई दावा किया जाता है तो वह मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा।

कटनी दिनांक 08.09.2021

भवदीय
अनिल मिश्रा (एड.) श्री कृष्णा कोल्ड स्टोरेज नदीपार, कटनी मो. 9131452814, 9827556813

एन.ए.बी.एच. द्वारा प्रमाणित
एम.जी.एम. हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेन्टर
(A Unit of Katni Hospital Pvt. Ltd.)
कचहरी चौराहा, फारेस्टर प्लेग्राउंड के सामने, कटनी (म.प्र.) फोन : 07622-405070-71-72 मो. 9424957890




अस्थि रोग | शल्य चिकित्सा | स्त्री रोग | हृदय रोग | सामान्य चिकित्सा | फिजियो थेरेपी | शिशु रोग | दंत रोग | मस्तिष्क रोग | नेत्र रोग

एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग
Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902
Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com
जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc.नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ
डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षों में BSc. नर्सिंग करें।


| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 4 वर्ष | 12 वीं (बायोलॉजी) |
| 2 | जी.एन.एम. (नर्सिंग) | 3 वर्ष | 12 वीं |
| 3 | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है
SC / ST/ OBC
छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा
जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण
मान्यता प्राप्त - इण्डियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउंसिल भोपाल, म.प्र.मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर

# एसीसी रेल फाटक पर फ्लाई ओवर की दरकार

## कई दशकों से आवागमन में अवरोध की पीड़ा झेल रहे राहगीर, फ्लायएश भी मालगाड़ी से आया तो और बढ़ जाएगी परेशानी

कैमोर। कैमोर नगर के मुख्य मार्ग पर जी एम बंगले के समीप स्थित रेल फाटक कैमोर वासियों के लिए पिछले कई दशकों से एक गंभीर समस्या बना हुआ है। मालगाड़ियों के आने-जाने के समय फाटक अनिश्चित समय के लिए बंद हो जाता है। अक्सर 10 से 15 मिनट और कभी कभी तो इससे भी अधिक समय तक मालगाड़ी आगे-पीछे होती रहती है जिससे फाटक बंद ही रहता है। अब एसीसी फ्लाई ऐश का परिवहन भी रेलवे से करने की तैयारी कर रही। इससे यहां आने जाने वाली मालगाड़ियों की संख्या और बढ़ जाएगी। फाटक और ज्यादा बार बंद होने लगेगा। इस रेल फाटक पर अब फ्लाई ओवर बेहद जरूरी हो गया है। एसीसी के लिए यह कोई बड़ा काम नहीं है पर इसके हो जाने से पूरे नगर ही नहीं कैमोर आने जाने वाले हर एक का भला होगा। जिस डायरेक्टर प्लांट के कार्यकाल में यह कार्य होगा उसे नगर के लोग कई सालों तक याद करेंगे।



### बसों और एम्बुलेंस को भी करना पड़ता है इंतजार

वर्तमान में लगभग आधा सैकड़ा से भी अधिक यात्री बसें कैमोर से कटनी, जबलपुर, मैहर, सतना, रीवा, उमरिया, बरही आदि के लिए चलती हैं। इन सभी बसों को फाटक बंद होने पर रुकना पड़ता है। बसों के चलने का समय निर्धारित है। एक बस 5-10 मिनट भी फाटक में रुकती है तो पीछे से दूसरी बस आ खड़ी होती है। कई बार तो एक ही गंतव्य की ओर जाने वाली कई बसें फाटक पर खड़ी मिलती हैं। फाटक खुलते ही इन बसों में आगे निकलने की होड़ मच जाती है। फाटक में लंबे इंतजार के कारण लोग सही समय पर अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच पाते। किसी की ट्रेन छूट जाती है तो किसी को आगे की यात्रा के लिए दूसरी बस नहीं मिल पाती। एम्बुलेंस जैसे अत्यावश्यक सेवाएं देने वाले वाहन भी फाटक में फंसे देखे जा सकते हैं।

### फ्लाई ऐश आने से और बढ़ी जाएगी समस्या

अभी एसीसी कैमोर प्लांट से कोयला, सीमेंट और क्लिंकर का परिवहन मालगाड़ियों से होता है। इसके अलावा कभी कभी कुछ और कच्चा माल भी ट्रेन से आ जाता है। बताया गया कि अभी तक फ्लाई ऐश का परिवहन बल्कर द्वारा सड़क मार्ग से होता है पर अब कम्पनी ने रेल्वे के जरिये फ्लाई ऐश परिवहन की व्यवस्था कर ली है। अब तक ट्रायल के तौर पर दो तीन बार मालगाड़ी से फ्लाई ऐश आ चुका है। उल्लेखनीय है कि एसीसी प्लांट में प्रतिदिन हजारों टन फ्लाई ऐश की खपत है। अब फ्लाई ऐश का परिवहन भी मालगाड़ियों से हुआ तो गाड़ियों की संख्या और बढ़ जाएगी जिससे फाटक पहले से भी ज्यादा बार बंद होगा।

### 1940 के दशक से शुरू हुई थी मालगाड़ी

कैमोर में एसीसी के प्लांट से सीमेंट का उत्पादन वैसे तो 1 अगस्त 1936 से शुरू हुआ था पर प्लांट बनने और रेल्वे लाईन का काम इससे भी पहले शुरू हो चुका था। प्लांट चालू होने के बाद मालगाड़ियों का आना जाना कबसे शुरू हुआ इसकी निश्चित तारीख बता पाना तो कठिन है पर बुजुर्ग कर्मचारियों से कभी सुना था कि 1940 के आस पास से मालगाड़ी आने जाने लगी थी। पहले मालगाड़ी से कोयला आता था और सीमेंट लोड होकर जाती थी। बाद में जब प्लांट का नवीनीकरण हुआ तब से क्लिंकर भी अन्य प्लांटों के लिए जाने लगा। अब से 70-80 साल पहले जब मुख्य मार्ग पर यह रेल फाटक बना तब कैमोर में इक्का दुक्का चार पहिया वाहन ही थे। दो पहिया वाहनों की संख्या भी उंगली में गिनी जा सकती थी। धीरे धीरे वाहनों की संख्या बढ़ती चली गई। अब तो अकेले कैमोर में बस, ट्रक, बल्कर, हाइवा, कार, पिकअप आदि वाहन 5 हजार से भी ऊपर हैं। दुपहिया वाहनों की संख्या इससे भी ज्यादा है। प्रति दिन 10 हजार से भी अधिक वाहन इस फाटक को पार करते है। पहले ट्रफिक कम था तो समस्या भी कम थी जैसे जैसे ट्रैफिक बढ़ता गया समस्या और भी बढ़ती गई। अब रेल फाटक की यह समस्या बेहद गंभीर रूप ले चुकी है।

### फ्लाई ओवर से बढ़ेगी नगर की खूबसूरती

कैमोर नगर जहां प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर है वहीं एसीसी का प्लांट और कालोनियां भी सुंदर व्यवस्थित तरीके से बनी हुई है। कभी लोग इसे मिनी बम्बई कहा करते थे। एसीसी ने अनेक जगह पार्क और बहुतायत में पेड़ लगवाकर कैमोर को खूबसूरत बनाने का प्रयास किया है अगर रेल फाटक पर फ्लाई ओवर बना तो इससे नगर के लोगों को एक सहूलियत तो मिलेगी ही नगर की खूबसूरती में भी चार चांद लग जाएंगे। सीमेंट बनाने वाली एसीसी के लिए फ्लाई ओवर का निर्माण कोई बड़ी बात नहीं बस डायरेक्टर प्लांट एक बार तय बस कर लें तो यह काम आसानी से हो सकता है। एसीसी के इतिहास में एम एम राजोरिया, एन एम शर्मा, आर एस राठौर जैसे कुछ महाप्रबंधक ऐसे थे जिन्होंने प्लांट के अलावा नगर के लिये भी कुछ किया है। मौजूदा डायरेक्टर प्लांट श्री रेड्डी भी ऐसे ही अधिकारी के रूप में लोगों के बीच लोकप्रिय हो रहे। अगर उनके कार्यकाल में फ्लाई ओवर का निर्माण हुआ तो उनका नाम कैमोर वासियों के दिलों में हमेशा के लिए अंकित हो जाएगा।

## महिलाओं ने रखा तीज व्रत



अखंड सौभाग्य की कामना के साथ पति की लंबी आयु के लिए महिलाओं ने कल हरतालिका तीज के अवसर पर निर्जला व्रत रखा। रात्रि में फुलहरा के नीचे शिव-पावर्ती की पूजा अर्चना की गई। आज सुबह विसर्जन के बाद महिलाओं ने व्रत तोड़ा।

# दो महीने बाद कोरोना रिटर्न

### महिला पुलिस अधिकारी का 5 वर्षीय बच्चा संक्रमित, तीसरी लहर की चेतावनी के बाद भी लोगों में नहीं दिख रहा महामारी का डर

कटनी। करीब दो महीने से कोरोना पॉजिटिव मरीजों की संख्या पर ब्रेक लगने के बाद गुरुवार को जिले की एक महिला पुलिस अधिकारी के 5 वर्षीय पुत्र के कोरोना पॉजिटिव आने की खबर से हड़कम्प मच गया है। इसके बावजूद शहर में न तो कोरोना गाइडलाइन का पालन हो रहा है और न ही लोग इस महामारी से बचाव को लेकर सतर्क नजर आ रहे हैं। पर्वों की शुरूआत होने के बाद बाजारों में लोगों की भारी भीड़ नजर आ रही है। इस दौरान लोग चेहरे पर मास्क तक नहीं लगा रहे हैं और सोशल डिस्टेसिंग का भी पालन नहीं किया जा रहा है। बताया जाता है कि जिले की एक महिला थाना प्रभारी के 5 साल के पुत्र की पिछले कुछ दिनों से तबियत खराब थी। डॉक्टरों की सलाह पर बच्चे का कोविड टेस्ट कराया गया तो वह पॉजिटिव आया। सूत्रों के मुताबिक रिपोर्ट पॉजीटिव आने के बाद बच्चे को होम आईसोलेशन में रखते हुए ही उपचार किया जा रहा है। बच्चे की हालत सुधार पर बताई जा रही है। पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन ने स्वयं इस खबर की पुष्टि की है। उन्होंने जिलेवासियों से सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा कि कोरोना की तीसरी लहर का खतरा बरकरार है। ऐसे में लोगों को कोरोना को गंभीरता से लेते हुए सतर्कता बरतनी चाहिए। एसपी ने कहा कि लोगों को स्वयं जागरूक होना चाहिए। मास्क सोशल डिस्टेंस का पालन, साफ सफाई तथा कोरोना जैसे लक्षण होने पर तत्काल कोविड टेस्ट कराना चाहिए। उन्होंने बताया कि पुलिस महकमे को भी अधिक सतर्कता बरतने के निर्देश जारी किए गए हैं।

### तीसरी लहर को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

उधर दूसरी तरफ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पी के मुढ़िया ने कहा कि कोरोना संक्रमण की संभावित तीसरी लहर को लेकर जिले का स्वास्थ्य अमला अलर्ट मोड पर है। जिला चिकित्सालय के साथ ही ग्रामीण अंचल क्षेत्रों में स्थित स्वास्थ्य केन्द्रों में कार्यरत स्टाफ को सतर्कता बरतने और संभावित लक्षण वाले मरीजों का टेस्ट करने के लिए कहा गया है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. समीर सिंघई ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की जांच में फिलहाल कोई पॉजीटिव केस नहीं आया है। कल एक महिला पुलिस अधिकारी के बच्चे के संक्रमित होने की खबर पर उन्होंने बताया कि बच्चे की जांच शासकीय स्वास्थ्य केन्द्र में नहीं बल्कि किसी प्राईवेट हॉस्पिटल या लैब में की गई है।

## हरी झंडी दिखाकर प्रचार-प्रसार वाहन को किया रवाना



कटनी। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार श्यामाचरण उपाध्याय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी के निर्देशन में गतदिवस बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी द्वारा नेशनल लोक अदालत के प्रचार हेतु प्रचार-प्रसार वाहन को आशुतोष मिश्रा, माननीय डी0के0सिंह, जिला न्यायाधीश एवं दिनेश कुमार नोटिया सचिव, मनीष कौशिक जिला विधिक सहायता अधिकारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर जिला ए0डी0आर सेंटर से रवाना किया गया। उक्त प्रचार-प्रसार वाहन में लोक अदालत के लाभ से संबंधित ऑडियो क्लीपिंग चलाया जाकर आगामी लोक अदालत में विभिन्न विभागों द्वारा प्रदान की जाने वाली छूट से आमजन को अवगत कराया जाना है।

## संगीता जायसवाल को मातृ शोक



कटनी। भाजपा महिला मोर्चा नेत्री एवं जनपरिषद परिवार की सदस्य संगीता जायसवाल एवं आनंद जायसवाल की वयोवृद्ध मातुश्री का आज सुबह उपचार के दौरान आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर से हीरागंज क्षेत्र में शोक व्याप्त हो गया। उनकी अंतिम यात्रा आज सुबह 10 बजे हीरागंज स्थित निवास से निकाली गई, जिसमे बड़ी सं या में सभी वर्गों के लोगों ने शामिल होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए परमपिता से कामना की।

## मंदिर परिसर में कमेटी ने रोपे पौधे



### कावसजी वार्ड स्थित राधाकृष्ण मंदिर में लगाए कदम व अशोक के पेड़

कटनी। कावसजी वार्ड स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर परिसर में मंदिर कमेटी के सदस्यों के द्वारा वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण के तहत मंदिर परिसर में एक कदम का और चार अशोक के पौधे रोपित किए गए। वृक्षारोपण अभियान में जीवन चौधरी, विजय तिवारी, मोतीलाल चौधरी, तनलाल चौधरी, कौशल तिवारी, जितेंद्र चौधरी, विश्राम चौधरी, लखन चौधरी, विष्णु चौधरी, बड़कू चौधरी, रमेश केवट, आशीष चौधरी, दुर्गा कोल, जीतू नेपाली, पप्पू चौधरी, वीरेंद्र ठाकुर, श्रृद्धा चौधरी, भूरा कोल, गुड्डा कोल, राहुल चौधरी, राकेश कोल सहित मंदिर कमेटी के अन्य पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

## विधिक साक्षरता शिविर में लोगों को बताए उनके अधिकार

### शासकीय मॉडल स्कूल झिंझरी में आयोजन



कटनी। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के आदेशानुसार श्यामाचरण उपाध्याय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी के निर्देशन में गतदिवस बुधवार को शासकीय मॉडल स्कूल झिंझरी कटनी में अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर के अवसर पर विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर दिनेश कुमार नोटिया जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी ने उपस्थित बच्चों को उनके मूल अधिकार एवं मौलिक कर्तव्य के बारे में विस्तार पूर्वक अवगत कराते हुए बताया कि शिक्षा प्रत्येक व्यक्ति का मूलभूत अधिकार है। किसी भी व्यक्ति को शिक्षा से वंचित नहीं किया जा सकता है। निर्धन परिवार के बच्चों को अन्य बच्चों की तरह शिक्षा का सर्वोत्तम अवसर प्राप्त हो सके, यही शिक्षा का अधिकार अधिनियम का उद्देश्य है। वहीं मनीष कौशिक जिला विधिक सहायता अधिकारी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाये जाने का औचित्य को समझाते हुए अपने आस-पास के शाला त्यागी बच्चों को समझाईश देकर शाला में पुनः प्रवेश हेतु प्रोत्साहित किए जाने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी के अधिकारी एवं कर्मचारीगण की उपस्थिति रही।

## मां-बेटे की हत्या के आरोपियों की जमानत खारिज

कटनी। विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र में मां-बेटे की की हत्या के आरोप में गिरफ्तार आरोपियों की जमानत न्यायालय ने निरस्त कर दी है। विशेष न्यायाधीश अनुजाति/अनुजनजाति ने आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में रखे जाने का आदेश दिया है। प्रकरण थाना विजयरावगढ के अंतर्गत ग्राम पड़खुरी का है जहां मोहिनी एवं उसका पुत्र शिवा लवकुश पटेल के घर में रहते थे। मोहिनी का लवकुश के साथ विवाह जैसा संबंध था। इसको लेकर उसका परिवार वालों के साथ विवाद होता था। इसी विवाद पर से 2 अप्रैल 2021 को आरोपी अरुण उर्फ अन्ना ने सब्बल से मारकर और बाद में गला दबाकर मोहिनी की हत्या कर दी और उसके लड़के शिवा द्वारा देख लिए जाने के डर से उसे भी गला दबाकर मार डाला। बाद में अरूण के भाई लवकुश और संदीप तथा पिता सुरेश द्वारा अपराध और अपराधी को छुपाने के आशय से दोनों की लाश को सफेद प्लास्टिक की बोरी में भरकर मोटरसाइकिल में रखकर हरदुआ जाने वाली रोड के किनारे में बने कुएं में फेंककर छुपा दिया। मामले में आरोपी लवकुश की जमानत स्वीकार हो जाने के आधार पर शेष आरोपी संदीप और सुरेश द्वारा विशेष न्यायाधीश के समक्ष जमानत का आवेदन दिया। शासन की ओर से जिला लोक अभियोजक हनुमंत शर्मा द्वारा इस आधार पर आपत्ति ली गई की प्रकरण समाज के कमजोर वर्ग के लिए अधिनियमित विशेष कानून के अंतर्गत गंभीर प्रकृति का है और आरोपीगण का कृत्य मुख्य आरोपी के कृत्य के समतुल्य ही दण्डनीय है।

# न्यायालय और एसडीएम के आदेशों की धज्जियां उड़ा रहे अधिकारी


## स्व सहायता समूह को अब तक आवंटित नहीं की गई राशन दुकान

### ग्राम पंचायत बांधा का मामला, समूह की महिलाओं ने अधिकारियों पर लगाया मामले को दबाने का आरोप

कटनी/रीठी। प्रशासनिक अधिकारी किस तरह न्यायालय और उच्च अधिकारियों के आदेशों और निर्देशें की धज्जियां उड़ाते हैं, इसका जीता जागता नमूना रीठी तहसील में देखने को मिल रहा है, जहां न्यायालय और अनुविभागीय अधिकारी के स्पष्ट निर्देशों के बाद भी स्व सहायता समूह को शासकीय उचित मूल्य दुकान आवंटित नहीं की गई है। इस पूरे मामले में खाद्य विभाग के सहायक आपूर्ति अधिकारी की लापरवाही सामने आ रही है। जानकारी के मुताबिक रीठी तहसील के अंतर्गत ग्राम बांधा के राधा कृष्ण स्व सहायता समूह को विगत 7 नवंबर 2019 को सरकारी उचित मूल्य दुकान संचालन हेतु अनुमति दी गई थी। बताया जाता है कि मप्र सार्वजनिक वितरण प्रणाली 2015 की कंडिका 8-1 में प्रयुक्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए ग्राम पंचायत बांधा के राधा कृष्ण स्व-सहायता समूह को शासकीय उचित मूल्य दुकान अस्थाई रूप से आवंटित करने के आदेश दिए गए थे।उक्त आवंटन उच्च न्यायालय के आदेश पर किया गया था और सहायक कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी को भी पत्र जारी किया गया था। बताया जाता है कि रीठी क्षेत्र में 6 स्वसहायता समूह को नवीन दुकानें शासन स्तर से स्वीकृत की गई थी, जिनमे से एक भी दुकान संचालित नहीं की गई। राधाकृष्ण स्व सहायता समूह की संगीता राजपाल ने बताया कि इसको लेकर कई बार शिकायत की गई और प्रशासन से अनुरोध किया कि उन्हें उचित मूल्य दुकान को



चलाने की अनुमति दी जाए। महिलाओं का कहना है कि अधिकारी मामले को दबा कर बैठे है। इस संबंध में जब क्षेत्रीय सहायक कनिष्ट आपूर्ति अधिकारी रविकांत सिंह ठाकुर से बात की गई तो उन्होंने बताया कि शासन स्तर पर नवम्बर 2019 में राशन वितरण पोर्टल बंद कर दिया था। नवम्बर 2019 में बीपीएल सर्वे कार्य चल रहा था। इस कारण पोर्टल पर रोक लगा दी गई थी, जिसके चलते ग्रामो में नवीन आवंटित दुकानें नहीं खोली गई। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि शासकीय उचित मूल्य विहीन दुकान खोलने 3 दिन पूर्व प्रमुख सचिव भोपाल ने आदेश जारी किए हैं। आदेशों में कहा गया है कि जिन ग्रामों में उचित मूल्य की दुकान शुरू नहीं हुई है, उन्हें चालू किया जाए। अब एक माह के अंदर बांधा ग्राम की उचित मूल्य की दुकान स्व सहायता को जो आवंटित की गई है, उसे संबंधित को दिए जाने कार्यवाही की जाएगी।



## अविवाहित युवती फांसी पर झूली

### रीठी के खिरवा गांव में घटना

**कटनी/रीठी।** रीठी थाना अंतर्गत ग्राम खिरवा में गुरूवार की सुबह एक 18 वर्षीय अविवाहित युवती के द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई। आत्महत्या किए जाने के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। रीठी थाना प्रभारी सतीश कुमार तिवारी के अनुसार ग्राम खिरवा निवासी रामचरण राय की 18 वर्षीय पुत्री शिवानी के द्वारा यह आत्मघाती कदम उस समय उठाया गया। जब वह घर पर अकेली थी तथा माता-पिता कृषि कार्य के लिए खेत गए थे। खेत से लौटे माता-पिता को अपनी पुत्री की लाश मकान के अंदर फंदे पर झूलती मिली। जिसके बाद यह सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को अपने अधिकार में लेकर उसका रीठी अस्पताल में पीएम कराया। शिवानी ने यह आत्मघाती कदम कैसे व किन परिस्थितियों में उठाया। अभी इस बात की जानकारी नहीं लगी है। आत्महत्या किए जाने के कारणों का पता लगाने पुलिस मर्ग कायम कर मामले की गंभीरता से विवेचना कर रही है।

# जिला अस्पताल से भागा साले व ससुर की हत्या का आरोपी

### तबियत खराब होने के कारण पुलिस अभिरक्षा में चल रहा था उपचार



**कटनी।** झिंझरी स्थित जेल में तबियत बिगड़ने के बाद जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती किया गया हत्या व हत्या के प्रयास का आरोपी देररात पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। पुलिस ने कैदी के विरूद्ध मामला दर्ज करते हुए उसकी तलाश शुरू कर दी है। इस संबंध कोतवाली प्रभारी अजय बहादुर सिंह व विजयराघवगढ़ थाना प्रभारी सुधाकर बारस्कर ने जानकारी देते हुए बताया कि सागर निवासी 30-32 वर्षीय देवी पिता शंकर सिंह विजयराघवगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम पड़खुरी में सन 2016 में हुए तिहरे हत्याकांड का आरोपी था। देवी सिंह ने अपने सास, ससुर व दो सालों पर जानलेवा हमला किया था। जिसमें ससुर व दो सालों की मौत हो गई थी जबकि सास गंभीर रूप से घायल हो गई थी। देवी सिंह तभी से झिंझरी जेल में बंद था। जेलर लीना कोष्टा के मुताबिक देवी सिंह की तबियत खराब होने के कारण उसकों कल गुरूवार की सुबह जिला अस्पताल में पुलिस अभिरक्षा में भर्ती कराया गया था। इसीदौरान देररात देवी सिंह सुरक्षा में तैनात सुरक्षाकर्मियों को चकमा देकर फरार हो गया। देवी सिंह के फरार होने की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई है। पुलिस ने देवी सिंह के विरूद्ध धारा 224 के तहत मामला दर्ज करते हुए उसकी तलाश शुरू कर दी है। देवी सिंह की तलाश में एक पुलिस टीम को सागर भी रवाना किया गया है।



गणेश चतुर्थी पर बना त्रियोग संयोग, आज सुबह से लेकर देर रात तक चलेगा स्थापना का क्रम

# घर-घर विराजे बप्पा, भक्ति में लीन श्रद्धालु

**कटनी।** विघ्न विनाशक प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश की दस दिवसीय पूजा अर्चना का महापर्व गणेशोत्सव आज से शुरू हो गया है। आज से अगले दस दिनों तक श्रद्धालु बप्पा की भक्ति में लीन रहेंगे। इस दौरान शहर में चहुंओर गणेशोत्सव की ही धूम रहेगी। गणेश चतुर्थी के अवसर पर आज शुभ मुहूर्त में घरों के साथ ही शहर में अलग-अलग स्थानों पर विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश की प्रतिमाओं की विधि विधान के साथ स्थापना की जा रही है। यह क्रम सुबह से लेकर देर शाम और रात तक चलता रहेगा। हर साल की इस साल भी गणेशोत्सव पर्व का मुख्य आकर्षण गणेश चौक रहेगा, जहां भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित करते हुए दस दिनों तक पूजा अर्चना की जाएगी। यहां पिछले दो दिनों से तैयारियां की जा रही थीं। कोरोना संक्रमण के चलते राज्य सरकार द्वारा जारी की गई गाइडलाइन के अनुसार पिछले साल की तरह इस साल भी विसर्जन चल समारोह पर रोक लगा दी गई है। शहर में अन्य पर्वों की तरह गणेशोत्सव पर्व भी धूमधाम से मनाए जाने की परंपरा चली आ रही है। इस दौरान पूरा शहर दस दिनों तक भगवान विघ्न विनाशक की भक्ति में डूबा रहेगा। शहर और उपनगरीय क्षेत्रों में एक सैकड़ा से अधिक स्थानों पर पूरे भक्तिभाव से गणेश प्रतिमाओं की स्थापना किए जाने की तैयारियां की जा रही है।

### गणेश चतुर्थी पर बन रहा त्रियोग का महासंयोग

भाद्र शुक्ल पक्ष में गणेश चतुर्थी अर्थात भगवान गणेश का जन्मदिन आज 10 सितंबर शुक्रवार को मनाया जा रहा है। कहा जाता है कि गणेश जी के नाम लेकर ही प्रत्येक शुभ कार्य का शुभारंभ किया जाता है। इस बार वैसे भी त्रियोग में गणेश चतुर्थी का पर्व पड़ा है तो यह और शुभ हो जाती है। त्रियोग में लग रही गणेश चतुर्थी पर अगर गणेश भगवान की पूजा बताए गए योग और शुभ समय में की जाए तो निश्चय ही भगवान गणेश किस्मत का बुझा सितारा चमका देंगे।

### गणपति स्थापना व पूजन मुहूर्त

गणपति आगमन, विशेष पूजन कीर्तन मुहूर्त, लाभ अमृत योग, प्रातः 7:36 से 10:43 तक

स्थापना अभिजीत काल में, पंचामृत स्नान, भोग प्रसाद, शुभ योग, दिन 12:19 से 1:51 तक

निषेध राहुकाल, दिन 10:44 से 12:18 तक

# मछली बंटवारे को लेकर हुई थी शिवा की हत्या

### साथियों ने तार से गला घोंटकर नदी में फेंक दी थी लाश

**कटनी।** विजयराघवगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम रोहनिया स्थित कठने नदी में तार से बंधे मिले 32 वर्षीय युवक शिवा गोटिया पिता रम्मू गोटिया के शव के मामले में हत्या व साक्ष्य छिपाने का मामला दर्ज करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों ग्राम रोहनिया निवासी 45 वर्षीय भगवानदास कोल व 23 वर्षीय नीरज लोधी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

**विजयराघवगढ़ पुलिस ने सुलझाई अंधे हत्याकांड की गुत्थी**

विजयराघवगढ़ थाना प्रभारी सुधाकर बारस्कर ने बताया कि एक सितम्बर को मृतक शिवा एवं आरोपी कठने नदी में मछली मार रहे थे। मछली के बंटवारे को लेकर उनमें विवाद हुआ तो पास में रखे तार से शिवा का गला घोंटकर हत्या कर दी। युवक का दम घुटने के बाद घटना को छिपाने आरोपियों ने मृतक के कपड़े उतार कर शव गहरे पानी में फेंक दिया। पीएम रिपोर्ट में गला घोंटने की पुष्टि के बाद धारा 302 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। गांव में पूछताछ के बाद जानकारी मिली कि मृतक उक्त आरोपियों के साथ मछली मारने गया था। दोनों को कस्टडी में लेकर पूछताछ की गई तो आरोपियों ने पूरा घटनाक्रम उगल दिया।



मारुति स्विफ्ट से हो रही थी गांजा की सप्लाई, 307 का फरार आरोपी सप्लाई कर रहा था गांजा

# रीवा की जस्सा गैंग के मैहर से फरार आरोपी गांजा सहित गिरफ्तार

**कटनी/बरही।** मारुति स्विफ्ट क्रमांक एम.पी.19सीबी-8815 में गांजा की सप्लाई कर रहे 307 के मैहर से फरार आरोपी को बरही पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर घेराबन्दी करते हुए दबोच लिया है। पकड़ा गया आरोपी गांजे के मुख्य सरगना जस्सा गैंग से ताल्लुक रखता है। पकड़ा गया आरोपी राजू उर्फ राकेश पिता कुंजी लाल गुप्ता 45 वर्ष ग्राम लुढोती थाना मैहर के कब्जे से 2 किलो 700 ग्राम गांजा के साथ ही 1, 85000 रुपए नगद, 3 मोबाइल, यूनियन बैंक की चेक बुक बरामद की गई है। इस संबंध में टीआई संदीप अयाची ने बताया कि पुलिस कप्तान सुनील कुमार जैन के निर्देशन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज कोडिया एवं एसडीओपी शिखा सोनी के मार्गदर्शन में आरोपी को मैहर रोड स्थित उबरा टोल नाका के पास पकड़ा गया। गांजा की कीमत 30000 रुपए जबकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में 80000 रुपए है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट 8,20 के तहत कार्यवाई की गई है। इस कार्यवाई में अहम भूमिका एसआई सीताराम बागरी, प्रधान आरक्षक अजय पाठक, व्यास प्रसाद गुप्ता, आरक्षक रोहित सिंह, अवधेश प्रताप सिंह, अजीत सिंह, जगत सिंह की रही।

### मैहर थाना से फरार था आरोपी

बरही पुलिस के हत्थे चढ़ा आरोपी राजू वर्ष 2007 में मैहर थाना में 50 किलो गांजा के साथ मुख्य सरगना अनूप जायसवाल उर्फ जस्सा के साथ पकड़ा गया था, जिसमे 5 माह जेल में रहा। वही जस्सा गैंग का यह आरोपी 70 किलो गांजा के साथ फिर पकड़ा गया था, जहां से फरार चल रहा था।

# अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार, तीन फरार

### दो पिकअप व दो बुलेरो बरामद



**कटनी।** विजयराघवगढ़ पुलिस ने वाहन चैकिंग के दौरान अंतरराज्जीय वाहन गिरोह चोर गिरोह के सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से चोरी की दो पिकअप और दो बुलेरो वाहन को जप्त किए गए हैं। इस मामले में दो आरोपी कुलदीप मिश्रा और आशीष तिवारी को गिरफ्तार किया गया है। पत्रकारवार्ता में जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन ने बताया कि विजयराघवगढ़ क्षेत्र में गुरुवार को वाहनों की सघन चैकिंग की जा रही थी। उसीदौरान दूर से आ रहा एक वाहन नंबर प्लेट के आधार पर संदिग्ध दिखाई दिया। पुलिस ने जब वाहन को रोका तो उक्त वाहन में पांच व्यक्ति बैठे हुए थे। जिसमें से दो व्यक्ति पकड़ में आए जबकि तीन लोग पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए। जिस वाहन में आरोपी सवार थे उसकी नंबर प्लेट से छेड़छाड़ की गई थी। जांच में पुलिस ने पाया कि उक्त वाहन 26 अगस्त को थाना एनकेजे क्षेत्र से चोरी हुआ था। कुलदीप मिश्रा और आशीष तिवारी ने पूछताछ में बताया कि उनके साथ राहुल बिंद्र, रमेश दुबे और अलोक मिश्रा भी वाहन में बैठे हुए थे। पुलिस जब सख्ती से पेश आई तो इन्होंने बताया कि इसके अलावा वे एक बोलेरो और दो पिकअप भी चोरी की हैं। पिकअप का ब्रेक खराब होने से वे उसे कारीतलाई के पास सूनसान जंगल में ही छोड़ दिए थे। दूसरे पिकअप की नंबर प्लेट बदलते समय पुलिस के आ जाने से वे उसे भी सड़क किनारे छोड़ आए हैं। आरोपियों ने एक अन्य बोलेरो को भी सूनसान जगह में छोड़ने की बात स्वीकार की है। आरोपियों ने बताया कि वे पांचों उत्तरप्रदेश के प्रयागराज जिले के रहने वाले हैं। वाहन चोरी के पहले वे रैकी करते थे। इसके बाद वाहन का ताला तोड़कर डुप्लीकेट चाबी से उसे पार कर देते थे। चोरी किये हुए वाहन को उत्तरप्रदेश में ले जाकर कबाड़ी को बेचने के बाद जो भी पैसा मिलता उसे आपस में वे बांट लेते थे। पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन के द्वारा गठित टीम में विजयराघवगढ़ थाना प्रभारी सुधाकर बारस्कर, एनकेजे थाना प्रभारी नीरज दुबे, माधवनगर थाने से उपनिरीक्षक सिद्धार्थ राय के साथ अन्य पुलिस अधिकारी और कर्मचारी शामिल रहे।

### बाइक चोरों को कोतवाली पुलिस ने पकड़ा

कोतवाली पुलिस ने तीन बाइक चोरों को पकड़ते हुए उनसे चार चोरी की मोटरसाइकिल जप्त की है। मुखबिर के माध्यम से पुलिस को जानकारी लगी कि कुठला थाना क्षेत्र में आरोपी चोरी की बाइक को ठिकाने लगाने की तलाश में इधर-उधर घूम रहे हैं। जिसके बाद घेराबंदी करते हुए आरोपी अखिल चौधरी, वीर पटेल और किशन यादव सभी निवासी कुठला को गिरफ्तार किया गया। इनसे चोरी की चार मोटरसाइकिल की जप्त की गईं हैं।

# प्रापर्टी में निवेश के नाम पर लाखों की ठगी

**कटनी।** माधवनगर थाना अंतर्गत प्रापर्टी में निवेश के नाम पर रकम दोगुनी करने के नाम पर लाखों की ठगी करने के आरोप में पुलिस ने रामप्रकाश गगवानी, श्रीचंद टहरानी और मुकेश गंगवानी के विरुद्ध धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। निवेशकों में बाबा नारायण शाह वार्ड निवासी विनोद कुमार नागवनी के साथ अन्य 23 लोगों ने इस आशय की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की थी। जिसमें फर्जी चिटफंड कंपनी के नाम पर निवेशकों से आरोपी 64 लाख 74 हजार रुपए जमा कराने का आरोप था तथा परिपक्वता के बाद राशि देने में आनाकानी कर रहे थे।

**माधवनगर पुलिस ने की तीन लोगों पर एफआईआर**

पुलिस का कहना है कि अभी अन्य निवेशकों से लिस्ट के आधार पर पूछताछ की जाएगी। विनोद नागवनी ने पुलिस को बताया कि उसने 2 लाख 25 हजार रुपये जमा कराये थे। 9 हजार 375 रुपए प्रतिमाह आरोपियों को रुपये देता रहा। उसके साथ अन्य लोग भी अलग-अलग मंथली के हिसाब से रुपये जमा कराते रहे। उक्त रुपये से आरोपियों ने कटनी शहर और बाहर प्रापर्टी खरीदी है।

### जालसाजों के झांसे में आए 23 लोग

तीनों आरोपी माधवनगर के रहने वाले रहे। निवेशकों को ये प्रापर्टी का सब्जबाग दिखाते थे। इसके लिए एक चिटफंड कंपनी भी बना रखी थी। निवेशकों को कहा जाता था कि प्रापर्टी में रुपये निवेश करने पर वह कम समय में ही डबल हो जाता है। जालसाजों के बहकावे में लोग आते गए। धीरे-धीरे 23 लोग इस जालसाज के चक्कर में फंस गए। जब रुपये देने का समय आया तो राम प्रकाश गंगवानी निवेशकों की नजर से दूर हो गया। श्रीचंद बहरानी यह कहकर मुकरने लगा कि उसका अब इस कंपनी से कोई संबंध नहीं है। जिसके बाद निवेशक पुलिस अधीक्षक के पास पहुंचे और शिकायत की। माधवनगर पुलिस ने जांच के बाद तीनों आरोपियों के विरूद्ध धारा 420, 406, 34 के तहत मामला दर्ज किया है।






## महिला ने दुकानदार को डंडे से पीटा

**कटनी।** कोतवाली के गर्गचौराहा क्षेत्र में गुरूवार दोपहर 2 बजे महिला सब्जी विक्रता और एक दुकानदार में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर महिला ने दुकानदार की डंडे से पिटाई कर दी। दुकानदार पिटता रहा और आसपास के लोग तमाशबीन की भूमिका में नजर आए। बताया जाता है कि पूरा मामला जगह के विवाद को लेकर रहा। महिला उक्त दुकान के सामने सब्जी का व्यापार करती थी। इसी बात की शिकायत दुकानदार ने नगर निगम से की थी। इसी बात को लेकर दोनों में विवाद हुआ।


सिटी मॉल बरही रोड में




राजनेता जयललिता के जीवन पर आधारित फिल्म

रोजाना 3 शो ता. 10 से दोपहर 12.30,3.30 एवं 6.30 बजे से


कलाकार- कंगना रणावत, अरविंद स्वामी, भाग्यश्री, मधु आदि।

थलाइवी (हिन्दी में)

नोट- सिनेमा हॉल परिसर में कोविड-19 नियमों का पालन करें, खुद एवं दूसरों को सुरक्षित रखें। मास्क एवं सेनेटाईजर उपयोग करते रहें।



सिटी मॉल बरही रोड में




हालीवुड की हॉरर फिल्म

रोजाना 3 शो ता. 10 से दोपहर 1,4 एवं 7 बजे से

कलाकार- एनेबल वॉलिस, जेक एबेल, जार्ज यंग, मेडी हसन आदि।

MALIGNANT (हिन्दी में)

नोट- सिनेमा हॉल परिसर में कोविड-19 नियमों का पालन करें, खुद एवं दूसरों को सुरक्षित रखें। मास्क एवं सेनेटाईजर उपयोग करते रहें।








PRE. REGISTRATION साईनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग/ श्री हास्पिटल

सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
| --- | --- | --- | --- |
| एएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| जीएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 3 वर्ष | 17 वर्ष-35 वर्ष |
| बीएससी (नर्सिंग) | 12वीं पास (बायो.) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| पोस्ट बेसिक बीएससी | जीएनएम पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (साइकेट्री) | बीएससी नर्सिंग पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (कम्युनिटी ऑफ नर्सिंग) | | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |

नोटः- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें

इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली म.प्र. नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल भोपाल से मान्यता प्राप्त

श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318



पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist

डॉ. स्मिता बजाज

MBBS, DTCD, CCEDM

टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट

मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना

नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है।

संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)

कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी

फोन-07622-236253, मो. 6266203009



PRE. REGISTRATION साईनाथ इंस्टीट्यूशन/ श्री हास्पिटल

सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
| --- | --- | --- | --- |
| डी.एल.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बी.ए.बी.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बीएससी बीएड | 12वीं पास (विज्ञान/गणित) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |

एन.सी.टी.ई. नई दिल्ली म.प्र. एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर व माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल

नोटः- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें

श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)